हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025

तापमान
अधिकतम 30.7 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

12 भाजपा ने किया सामाजिक महिलाओं और मंडल...



12 स्वच्छता दीदियों का सम्मान निबंध रंगोली और...



# अब जल जीवन की जांच का 'मिशन', अधूरे कार्य और भ्रष्टाचार की जांच करने आएगी केंद्रीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य और भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करने केंद्रीय टीम 2 जून को आएगी। केंद्रीय टीम प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जाकर योजना की पड़ताल करेगी। प्रदेश के पांच जिले ऐसे हैं, जहां पर योजना का क्रियान्वयन ठीक से नहीं हुआ है, यहां अधूरा काम होने के बाद भी ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया है। जिन पांच जिलों में अधूरा कार्य और भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं, उनमें रायपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, बस्तर और बेमेतरा जिला शामिल है। बताया गया है कि ऐसे जिले जहां की शिकायतें मिली हैं, उनकी भी जांच ▶▶|शेष पेज 13 पर

खास खबर

## योजना में मिल रही शिकायतों पर केंद्र गंभीर, कल आएगी टीम

### कई गांवों में टंकी निर्माण कार्य अधूरा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीणों के घरों में नल के जरिए पानी पहुंचाना है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में टंकियों का निर्माण कार्य शुरू किया गया। लोगों के घरों तक पाइपलाइन बिछाई भी गई, लेकिन कई गांवों में आज तक पानी की टंकी ही पूरी नहीं बन पाई है। जो बनी है, वह भी आधी अधूरी है। कई जगहों पर पानी का स्रोत देखे बिना पानी टंकी बना दी गई। अब पानी का स्रोत नहीं मिलने पर टंकी खड़ी है, लेकिन पानी न होने के कारण योजना का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। ऐसे में जल जीवन मिशन को लेकर निर्माण कार्य सवालों के घेरे में है।


हरिभूमि
टंकियां प्यासी... नल हैं उदास, बूंद-बूंद को तरसे लोग, पूरी नहीं हुई आस

### केंद्रीय टीम आने के पहले 70 ठेकेदारों को नोटिस

केंद्र की प्राथमिकता वाली योजना जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच के लिए केंद्रीय टीम आने से पहले राज्य ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। कांग्रेस शासन काल में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नोटिस दिया है। मुंगेली जिले में समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले 70 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द अधूरे कार्य पूरे नहीं किए गए, तो संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार के आरोप

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। कार्य को पूरा करने के लिए 31 मार्च 2024 की डेडलाइन भी रखी गई थी, लेकिन यह योजना आज भी अधर में लटकी हुई है। केंद्र ने राज्य सरकार के अनुरोध पर योजना तीन साल आगे बढ़ा दी है। जल जीवन मिशन को लेकर विधानसभा में इस योजना में भ्रष्टाचार को लेकर मामले उठे थे। यह आरोप था कि ठेकेदारों ने घटिया सामग्री का उपयोग किया है। अधिकारी निगरानी करने में पूरी तरह विफल रहे। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री की यह योजना केवल कागजों तक सिमट गई है।

## खबर संक्षेप

### पाक जासूसी मामले में छत्तीसगढ़ में भी तलाशी

**रायपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को पाकिस्तान से जुड़े जासूसी मामले में छत्तीसगढ़ सहित देश के 8 राज्यों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान इन सभी राज्यों के 15 स्थानों से कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, संवेदनशील वित्तीय दस्तावेजों के अलावा आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की है। हालांकि आतंकवाद के विरोध से जुड़े इस अभियान के दौरान एनआईए ने देश के अन्य राज्यों सहित छत्तीसगढ़ में कहां-कहां तलाशी ली है, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। छत्तीसगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई), हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, असम और पश्चिम बंगाल राज्यों में पाकिस्तान खुफिया संचालकों (पीआईओ) से जुड़े संदिग्धों के परिसरों में तलाशी ली गई। यह तलाशी इन राज्यों के 15 स्थानों पर ली गई है।










ट्रामा एंड इमरजेंसी की क्षमता सवा सौ बेड की, स्ट्रेचर पर करना पड़ जाता है इलाज

# हजार से कम बेड वाले एम्स पर साढ़े तीन हजार की ओपीडी का लोड, नतीजा 'रेफर'


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


हजार से भी कम बेड की क्षमता वाले एम्स पर प्रतिदिन साढ़े तीन हजार मरीजों की ओपीडी का दबाव है। आईपीडी पैक होने के बाद मरीजों को रेफर करने का एकमात्र रास्ता बच जाता है। आईपीडी के साथ वहां के ट्रामा एंड इमरजेंसी का हाल भी कुछ ऐसा है, ज्यादा मरीजों के बीच सवा सौ बेड कम करने पर स्ट्रेचर में इलाज या फिर दूसरे संस्थान भेजने की मजबूरी हो जाती है। आवश्यकताओं के हिसाब से एम्स में सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है, मगर इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आंबेडकर और डीके अस्पताल में प्रतिदिन औसतन दस मरीज इलाज के लिए रेफर किये जा रहे हैं और इसकी एकमात्र वजह विभिन्न विभागों से लेकर आईसीयू और इमरजेंसी में बेड खाली नहीं होने का हवाला दिया जाता है। सामान्य मरीजों के साथ कई बार यह स्थिति गंभीर हालत वाले मरीजों की भी होती है, जो उनके लिए जोखिम की वजह बन सकता है। तर्क दिया जा रहा है कि एम्स में अपनी बीमारी के इलाज की इच्छा रखने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि अस्पताल में मौजूद संसाधन उसके हिसाब से नहीं बढ़ ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

## रोज औसतन दस मरीज भेजे जा रहे आंबेडकर और डीके अस्पताल, कुछ गंभीर भी


अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RAIPUR
REFERRAL SLIP



### अनावश्यक भीड़

एम्स से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ओपीडी में वे मरीज भी अपने इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनकी समस्याओं का समाधान छोटे हेल्थ सेंटर में भी हो सकता है। आने वाले मरीजों को इलाज से इनकार नहीं किया जा सकता, जिसकी वजह से यहां अनावश्यक भीड़ हो जाती है। अस्पताल प्रबंधन से जुड़े लोगों का तर्क है कि यहां किसी तरह की बड़ी शारीरिक समस्या के समाधान के लिए मरीजों को आना चाहिए।

### विभिन्न जांच के लिए काफी वेटिंग

सूत्रों का कहना है कि एम्स में संचालित विभागों में जांच संबंधी आधुनिक उपकरण तो हैं, मगर उनकी संख्या काफी सीमित है। इलाज के लिये आने वाले हर दूसरे मरीज को डायग्नोसिस की जरूरत पड़ती है, इस वजह से उन्हें जांच के लिए लंबी तारीख भी देनी पड़ती है। एम्स में कई तरह की बड़ी जांच के लिए मरीजों को तीन-तीन महीने की वेटिंग दी जाती है। इसके अलावा सामान्य तरीके की पैथोलॉजी संबंधी जांच के बाद रिपोर्ट के लिए सप्ताहभर से पंद्रह दिन तक इंतजार करना पड़ता है।

### ट्रामा विस्तार में लगेगा वक्त

गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के उपचार के लिए यहां इमरजेंसी एवं ट्रामा यूनिट के विस्तार का काम शुरू किया गया है। काफी साल यहां डेढ़ सौ बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट तैयार करने की घोषणा की गई थी। इस पर काम चल रहा है, जिसके पूरा होने में दो साल से अधिक का वक्त लगने की संभावना है। दावा किया जा रहा है कि इसके बाद गंभीर स्थिति वाले मरीजों को दूसरे संस्थान रेफर करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### आपातकालीन उपचार में पूरी तत्परता

एम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मृत्युजंय राठौर ने कहा कि ट्रॉमा और इमरजेंसी विभाग में किसी भी आपातकालीन रोगी के आने पर सबसे पहले उसका आवश्यक उपचार तत्परता से किया जाता है। समस्या नियंत्रित होने के बाद रोगी की चिकित्सीय स्थिति के अनुसार उसे संबंधित विभाग में आगे के उपचार के लिए भेजा जाता है। कभी-कभी संबंधित विभाग में बेड की अस्थायी अनुपलब्धता के कारण, स्थिर रोगियों को स्टेप-डाउन के रूप में निकटवर्ती संबद्ध अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाता है, ताकि उन्हें उपयुक्त उपचार मिल सके और एम्स की आपात सेवाएं गंभीर रोगियों के लिए उपलब्ध रहें।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में रायपुर संभाग के शिक्षकों का धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्ति युक्तकरण के विरोध में रायपुर संभाग के शिक्षकों ने शनिवार को नवा रायपुर के तूता स्थित स्थल पर जमकर हल्ला बोला। 4 सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षकों ने अपने हक की आवाज बुलंद करने घंटों विरोध प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में महिला शिक्षक शामिल रहीं। शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर विसंगतिपूर्ण युक्ति युक्त करण को निरस्त कर प्रदेश के 1 लाख से अधिक शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली सहित समस्त लाभ देने, प्रशिक्षितों को प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता में छूट देने तथा अन्य मांगों को लेकर आंदोलनकारी धरना स्थल पर डटे रहे। 1 जून से सभी जिला मुख्यालयो में धरना प्रदर्शन होगा।

- नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर शिक्षक साझा मंच का धरना
- 1 जून से जिला मुख्यालयों में धरना, काउंसलिंग का बहिष्कार करेंगे

### सेटअप 2008 के समर्थन में नारेबाजी

धरना स्थल पर एकजुट हुए रायपुर संभाग के शिक्षकों ने सेटअप 2008 के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रदेश के शालाओं में रिक्त 20 हजार पद पर पहले पदोन्नति करने की मांग इस दौरान की गयी। शिक्षकों का कहना था कि सेटअप से अधिक जहां भी शिक्षक पदस्थ हैं, उन शिक्षकों को युक्ति युक्त करण के दायरे में लाया जाये, लेकिन शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में सेटअप 2008 के साथ खिलवाड़ न किया जाये। ▶▶|शेष पेज 13 पर

# प्रदेश में दूध का उत्पादन दो लाख लीटर, खपत तीन लाख से ज्यादा, दूसरे राज्यों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## पैकेट वाले दूध की खपत ही डेढ़ से पौने दो लाख लीटर रोज की

- मिठाई दुकानों में रोज एक लाख लीटर की खपत
- घरों में सीधे डेयरी और दूध बेचने वाले ग्वालों से लेते हैं 40 हजार लीटर के आसपास

अपना प्रदेश छत्तीसगढ़ दूध उत्पादन और खपत के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है। छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय उत्पादन में योगदान एक फीसदी भी नहीं है। अपने राज्य में करीब दो लाख लीटर दूध का रोज उत्पादन होता है, लेकिन जहां तक खपत का सवाल है, तो यह करीब तीन लाख लीटर है। ऐसे में दूध बेचने वाली अमूल जैसी कंपनी के भरोसे काम चल रहा है। अमूल के पैकेट वाले दूध के लिए महाराष्ट्र और गुजरात से यहां पर दूध आता है, जिसको पैक ▶▶|शेष पेज 13 पर

आज विश्व दुग्ध दिवस



### मिठाई, पनीर, दही के लिए रोज एक लाख लीटर

प्रदेश में मिठाई की दुकानें बहुत ज्यादा हैं। राजधानी रायपुर में मिठाई दुकानों में रोज दूध की खपत करीब 30 हजार लीटर है। पूरे प्रदेश में एक लाख लीटर दूध मिठाई, दही और पनीर बनाने के लिए लिया जाता है।
- **संजय विरानी,** संचालक, स्वीट इंडिया रायपुर

### पैकेट वाले दूध की खपत ज्यादा

प्रदेश में पैकेट वाले दूध की खपत ही ज्यादा है। देवभोग सहित अन्य कंपनियों के दूध को मिलाकर रोज डेढ़ से पौने दो लाख लीटर दूध की खपत होती है।
- **शिवा दत्ता,** अध्यक्ष, देवभोग पार्लर संघ

# रानू, विश्नोई, सौम्या समेत 6 जेल से रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू, राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया सहित वीरेंद्र जायसवाल, रजनीकांत तिवारी एवं संदीप नायक को शनिवार को सुबह केंद्रीय जेल रायपुर से रिहा कर दिया गया।

इन सभी की रिहाई शुक्रवार को होनी थी, लेकिन रिहाई संबंधी आदेश पत्र की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण ये सभी आज रिहा किए गए। इन सभी आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली है। हालांकि यह जमानत सशर्त दी गई है। इसके तहत सभी आरोपियों को राज्य से बाहर रहना है।

## सशर्त दी गई जमानत राज्य से रहना होगा बाहर




### सूर्यकांत-निखिल को नहीं मिली राहत

इस घोटाले के मास्टर माइंड माना जा रहे सूर्यकांत तिवारी के साथ निखिल चंद्राकर को कोई राहत नहीं मिली है। इनमें सूर्यकांत की जमानत पर सुनवाई 18 जुलाई को है। इसी तरह से निखिल भी एक अन्य मामले में जेल में है, जिसमें उसकी जमानत नहीं हो पाई है।

### पासपोर्ट जमा और नया पता देने के बाद छोड़ेंगे राज्य

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अंतरिम जमानत मिलने के बाद सभी आरोपियों को राज्य से बाहर रहने के लिए कहा गया है। जस्टिस सूर्यकांत और दीपांकर दत्ता की डबल बेंच ने सभी आरोपियों की जमानत याचिका को मंजूरी देते समय इस घोटाले में गवाहों का भी खास ध्यान दिया है। कोर्ट को आशंका थी कि जमानत मिलने पर आरोपी गवाहों पर किसी प्रकार का दबाव डालकर उन्हें प्रभावित कर सकते हैं। इसके मद्देनजर कोर्ट ने सभी आरोपियों को राज्य से बाहर रहने की शर्त पर जमानत दी है। राज्य छोड़ने से पहले आरोपी अपना पासपोर्ट थाने में जमा करेंगे, साथ ही नया पता की जानकारी भी एक सप्ताह के अंदर देंगे।



# भाजपा ने किया सामाजिक महिलाओं और मंडल अध्यक्षों को सम्मानित

*हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर*



*महारानी अहिल्या बाई होलकर को 300वीं जन्म जयंती पर शनिवार को एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सामाजिक महिला सम्मान समारोह और मंडल अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव थे। उन्होंने सर्वप्रथम रायपुर शहर की सम्मानित महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रेणुका पुराणिक, रानू धनगर, मीना निषाद, भारती उपाध्याय, माधुरी कर, तापसी दत्ता, सुशीला साहू, डिंपल शर्मा, बिंदिया नाग, हेमलता मिश्रा, कांति जैन लूनिया, सुमिता साहू, और डॉ सुमन मित्तल को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सम्मानित किया। रायपुर शहर जिला के सभी 20 मंडल अध्यक्षों को भी शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, संजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, किशोर महानंद, अमरजीत छाबड़ा, नलिनेश ठोकने, सूर्यकांत राठौर, चन्नी वर्मा, ओंकार बैस, अकबर अली, गोपी साहू, श्यामा चक्रवर्ती, अमित मैशरी हरीश ठाकुर, संजय तिवारी, तुषार चोपड़ा, सुभाष अग्रवाल, अनिल बाग, सीमा साहू, शिवजलम दुबे, मिली बैनर्जी, राहुल राय, वंदना राठौर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समाज सेविका उपस्थित रहे।*

# कांग्रेस के आतंकियों को पीड़ित कहने पर भड़की भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कांग्रेस द्वारा आतंकियों को पीड़ति बताने पर पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, पूर्व सीएम बघेल ने अपने एक वक्तव्य में आतंकवादियों को पीड़ित बताया है। श्री चिमनानी ने कहा आतंकी नहीं, अपितु पूरा देश आतंकवाद से पीड़ित है, परंतु नक्सलियों और आतंकवादियों के नाम के आगे 'जी' लगाने और 'साहब' कहकर संबोधित करने वाले लोग आज आतंकियों को ही पीड़ित बता रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के बयानों ने भारतीयों को आश्चर्य में डाल रखा है। श्री चिमनानी ने कहा कि पाकिस्तान पर जब हमला हुआ, तब से कांग्रेस के ऐसे-ऐसे बयान आए हैं, जिन्हें पाकिस्तान के नेता पाकिस्तान में चला रहे हैं और पाकिस्तानी मीडिया अपने कार्यक्रमों में दिखा रहा है। कई बार कांग्रेस के नेताओं ने नक्सलवादियों व आतंकवादियों के नाम के आगे 'जी' लगाकर उन्हें सम्मान देने का काम किया है।




## खबर संक्षेप

### बृजमोहन बने एफसीआई छत्तीसगढ़ परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल को केंद्र सरकार की तरफ से नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की छत्तीसगढ़ राज्य परामर्शदात्री समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना और पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है। यह दायित्व उन्हें तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है। श्री अग्रवाल ने इस दायित्व के लिए भारत सरकार, उपभोक्ता मामले मंत्रालय तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### खैरागढ़ कांग्रेस संगठन को मजबूत करने सुझाव देंगे महामंत्री

**रायपुर।** खैरागढ़ कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए पीसीसी ने दो महामंत्री कन्हैया अग्रवाल और सुबोध हरितवाल को जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश में कहा गया है कि खैरागढ़ जिले का दौरा कर वहां के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर खैरागढ़ शहर और ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। वहां पर संगठन को कैसे मजबूती प्रदान किया जाए, इस संबंध में पीसीसी को रिपोर्ट सौंपेंगे।

# वक्फ बोर्ड का बड़ा फरमान, निकाह पढ़ाने के लिए इमाम अब 11 सौ रुपए से ज्यादा नहीं ले सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने एक और बड़ा फरमान जारी किया है। शनिवार को बिलासपुर दौरे में उनके पास शिकायत पहुंची कि एक इमाम ने निकाह पढ़ाने के लिए 51 सौ रुपए न मिलने पर निकाह पढ़ाने से इनकार कर दिया और चले गए। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल यह आदेश जारी किया गया है कि प्रदेशभर के इमाम अब निकाह पढ़ाने के लिए 11 रुपए से लेकर 11 सौ रुपए तक ही ले सकेंगे। इससे ज्यादा की मांग करने पर शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिलासपुर दौरे में वक्फ की संपत्तियों के निरीक्षण में 23 सौ करोड़ की संपत्तियों पर कब्जा मिला है। कई लोगों को महज दो से तीन सौ रुपए किराए पर वक्फ की संपत्ति दे दी गई है। इनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए 237 सपंत्तियों को लेकर सोमवार को नोटिस जारी किया जाएगा।

वक्फ बोर्ड प्रदेश में लगातार अपनी संपत्तियों को लेकर जहां सर्वे कर रहा है, वहीं मुस्लिम वर्ग के लिए लगातार काम भी कर रहा है। मुस्लिम वर्ग के निचले तबके के लिए भी बोर्ड काम कर रहा है। गरीब तबके को फायदा दिलाने के लिए ही वक्फ की संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने की तैयारी है। इसी के साथ मजिस्दों के लिए अभी अलग-अलग कई तरह के आदेश किए जा रहे हैं।

### गरीब कहां से देंगे 51 सौ रुपए

डॉ. सलीम राज ने बताया, बिलासपुर में उनके पास एक शिकायत आई कि एक गरीब परिवार के निकाह में इमाम ने 51 सौ रुपए न देने पर निकाह कराने से मना कर दिया और निकाह पढ़ाए बिना ही चले गए। डा. राज ने बताया जो संपन्न हैं, उनके लिए तो 51 सौ रुपए मायने नहीं रखते हैं, लेकिन कई ऐसे गरीब भी हैं जिनका निकाह ही महज पांच हजार में हो जाता है, तो ऐसे गरीब परिवार के लोग कहां से 51 सौ रुपए निकाह पढ़ने के लिए देंगे। ऐसे में यह फैसला किया गया है कि अगर इमाम को कोई गरीब परिवार महज 11 रुपए भी देता है, तो उनको निकाह पढ़ाना ही होगा। अगर कोई इमाम इससे इनकार करते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रदेश में करीब आठ सौ इमाम हैं, जो निकाह कराने का काम करते हैं।

### 23 सौ करोड़ की संपत्ति पर कब्जा

डॉ. राज ने बताया बिलासपुर दौर में उन्होंने वक्फ की संपत्तियों का निरीक्षण किया तो यह बात सामने आई है कि करीब 23 सौ करोड़ की संपत्ति पर कब्जा किया गया है। 237 संपत्तियां ऐसी हैं जिन पर कब्जा है। इन संपत्तियों में से कई संपत्तियों को महज दो से तीन सौ रुपए किराए पर दे दिया गया है, जबकि इसका किराया 35 से 40 हजार रुपए होगा।

# स्वच्छता दीदियों का सम्मान निबंध, रंगोली और चित्रकला में बच्चों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

- जोन 6 में देवी अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर कार्यक्रम
- जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में शनिवार को स्वसहायता समूह की महिलाओं, स्वच्छता दीदियों को उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह बच्चों के लिए रंगोली, निबंध और चित्रकला की प्रतियोगिता रखी गयी। इसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेकर सुंदर रंगोली बनाई। देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन प्रसंग को निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया। विजेता प्रतिभागियों को इस मौके पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नगर निगम के संस्कृति विभाग द्वारा महापौर मीनल चौबे और संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 21 मई से 31 मई तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जोन 6 के कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा की उपस्थिति रही। इसी तरह जोन 10 की ओर से देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती अवसर पर जोन की स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्वच्छता दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर जोन 10 अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा सहित जोन क्षेत्र के महिला स्व सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रही।

# शिक्षा भूमि



Admissions Open 2025-26

## रायपुर में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ स्कूल एवं कॉलेजों में प्रवेश प्रारंभ

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है। स्कूलों और कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत के साथ ही पूरे शहर में शिक्षा को लेकर एक नई उमंग और उत्साह देखने को मिल रहा है। शिक्षा संस्थानों ने अपने-अपने पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हर वर्ष की तरह इस बार भी रायपुर के प्रतिष्ठित स्कूलों और कॉलेजों में दाखिले को लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए बेहतरीन शैक्षणिक माहौल, आधुनिक सुविधाएं, अनुभवी शिक्षकगण और चरित्र निर्माण पर केंद्रित संस्थानों की तलाश में जुटे हैं।

वहीं, निजी स्कूलों और कॉलेजों ने भी इस सत्र को और बेहतर बनाने के लिए कई नवाचार किए हैं। स्मार्ट क्लासेस, डिजिटल लाइब्रेरी, स्किल डेवलपमेंट कोर्स, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, करियर काउंसलिंग, और विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को शामिल किया गया है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चि तकया जा सके।

विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में रायपुर लगातार प्रगति कर रहा है। यहाँ के स्कूल और कॉलेज न केवल राज्य के विद्यार्थियों को, बल्कि अन्य जिलों और राज्यों से भी छात्रों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्कृष्ट परिणाम, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता और रोजगारपरक शिक्षा रायपुर को शिक्षा हब के रूप में स्थापित कर रही है।

प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों और अभिभावकों से निवेदन है कि वे समय रहते अपने पसंदीदा संस्थान में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें, क्योंकि अधिकांश स्कूल और कॉलेजों में सीटें सीमित होती हैं और हर वर्ष भारी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं।

शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि एक उज्ज्वल भविष्य की नींव है। सही संस्थान का चयन बच्चों के संपूर्ण विकास में अहम भूमिका निभाता है। इसीलिए सोच-समझकर और सभी आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर ही प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें।












## खबर संक्षेप



### ग्राम गिरोला में भगत सिंह सांस्कृतिक मंच द्वारा समर कैंप का आयोजन

**अभनपुर।** भगत सिंह सांस्कृतिक मंच द्वारा ग्राम गिरोला में बच्चों में बेहतर सामाजिक, सांस्कृतिक माहौल बनाने व बच्चों में नीति-नैतिकता, मानवता, सृजनशीलता एवं तार्किक सोच विकसित करने हेतु एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप मे चित्रकला, रंगोली, फुगडी, चम्मच बाटी दौड, कुर्सी दौड, मटका फोड़ जैसे खेल संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बच्चो को पुरस्कृत कर सरपंच नन्हूदास बघेल ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चो का आत्म मनोबल बढ़ता है जिससे वे मानसिक व शारीरिक रूप से मजूबत होते है आज समाज में युवाओं और बच्चों में नीति- नैतिकता का ह्रास, नशाखोरी व अश्लीलता में लिप्त पाते हैं इन सब से उन्हें मुक्त कराने के लिए समाज में एक अच्छा माहौल देना आवश्यक है जिसके लिए निरंतर भगत सिंह सांस्कृतिक मंच के युवा कार्य कर रहे है जो सराहनीय है। इस दौरान नंदकिशोर साहू, प्रीतम साहू, दीपक साहू, टार्जन साहू, सोमेश साहू, लोकेश साहू, चित्रसेन साहू, नीरज साहू, जीवन साहू, तुकेश साहू, पुरूषोत्तम यादव, पंच, वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

## आरोप : कोल कंपनी पर झूठे दस्तावेजों से शासन को गुमराह करने का आरोप

# कृषि भूमि पर कोल कंपनी का कब्जा मोहदी में ग्रामीणों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

नगर पंचायत कुरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि ग्रामीण आक्रोश का गवाह बन गया है। सड़कों की बदहाली, अंधेरे और जानलेवा

■ सरकार की आंखों में धूल झोंकती कंपनी

भारी वाहनों के अलावा, ग्रामीणों ने अब एक और गंभीर मामला उठाया है जंहा ग्राम मोहदी स्थित एक कोल कम्पनी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला की कृषि जमीन पर किया गया अवैध कब्जा और कृषि भूमि पर अवैध कोल डिपो का संचालन यह सीधा-सीधा प्रशासन की निष्क्रियता और एक कंपनी द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाने का मामला है, जो सीधे-सीधे बच्चों के भविष्य और ग्रामीणों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहा है।

ग्राम पंचायत मोहदी के अंतर्गत खसरा नंबर 150, जो कि शासकीय प्राथमिक शाला मोहदी के नाम से भू-राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उस पर एक कोल कम्पनी ने लगभग 1500 वर्गफीट में अवैध रूप से रास्ता बना लिया है। ग्रामीणों ने दो महीने पहले इसके खिलाफ आंदोलन भी किया था, लेकिन कंपनी ने इसे हटाने की जहमत तक नहीं उठाई। इससे चौंकाने वाली बात यह है कि कंपनी प्रबंधन ने इस अवैध रास्ते के लिए शासन से कृषि भूमि तक जाने हेतु रास्ता प्रदान करने की मांग की है। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि इस खसरा नंबर (176, 175/1, 175/3) पर कोई कृषि कार्य नहीं होता, बल्कि कोल डिपो और क्रशिंग का काम किया जाता है। यह सीधा-सीधा सरकार की आंखों में धूल झोंकने और कृषि के नाम पर अवैध औद्योगिक गतिविधि चलाने का मामला है, जिसकी उच्च-स्तरीय जांच आवश्यक है।

ग्रामीणों ने एसडीएम व तहसीलदार को दिए ज्ञापन में बताया कि यह कोल कम्पनी खुद की कृषि भूमि बता रही है, जबकि यह कंपनी कोल डिपो और क्रशिंग का कार्य कर रही है। 21 मई को तहसील कार्यालय धरसींवा द्वारा जारी सर्वसाधारण सूचना ईश्तहार में भी कंपनी द्वारा खुद की कृषि भूमि बताया गया है, जो कि स्पष्ट रूप से गलत है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कंपनी पूरी तरह से शासन को गुमराह कर रही है।





### ज्ञापन दिया गया

ग्राम मोहदी सहित दर्जन भर गांव के जनप्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार शिविर में खराब सड़के और एक उद्योग की मनमानी का ज्ञापन दिए हैं। जिसे उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर जानकारी दी गई है।

बाबूलाल कुर्रे
तहदीलदार, धरसींवा

### सड़क हो रही है बदहाल



चरौदा से दोंदेकला तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी सड़क अब ग्रामीणों के लिए मौत का फंदा बन चुकी है। जिस सड़क को 12 टन की क्षमता पर बनाया गया था, उस पर अब 40-50 टन के भारी औद्योगिक वाहन 24 घंटे दौड़ रही हैं। यह सड़क अब जानलेवा गड्ढों, धूल के गुब्बारों और लगातार होती दुर्घटनाओं का पर्याय बन चुकी हैं। मोहदी से चरौदा के बीच दर्जन भर उद्योग हैं, जिनके सामने स्ट्रीट लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। यह अंधेरा छात्रों, पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों के लिए मौत का बुलावा है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें। उन्होंने मांग की है कि प्राथमिक शाला मोहदी की शासकीय भूमि पर किए गए अवैध रास्ता निर्माण को तुरंत बंद किया जाए। मोहदी रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश तुरंत बंद किया जाए और बैरिकेड लगाए जाएं। उक्त सड़क को उद्योगों द्वारा बनवाया जाए और सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। जिसमें स्ट्रीट लाइट लगाना और सड़कों के गड्ढे भरना शामिल हो। कृषि भूमि पर संचालित यह प्रा. लिमि. उद्योग के अवैध संचालन की जांच करें और उचित कार्यवाही की जाए।

## 'सुशासन शिविर' अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ:खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



छत्तीसगढ़ शासन के लोक कल्याणकारी दृष्टिकोण और जनसरोकारों पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार संवाद से समाधान शिविर का समापन आज हुआ। आरंग विधानसभा क्षेत्र के सुशासन तिहार का समापन 31 मई को ग्राम पारागांव में संपन्न हुआ। यह अभियान 5 से 31 मई तक संपूर्ण राज्य में व्यापक स्तर पर चलाया गया, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आम जनता तक सीधे पहुंचाना रहा। आरंग विधानसभा में इस समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू मंचासीन रहे। इनके साथ-साथ जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, विभागीय अमला तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए राशन कार्ड, जॉब कार्ड मनरेगा, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, जाति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ट्राइसाइकिल दिव्यांग हितग्राहियों हेतु, कृषि उपकरण व स्पेयर पार्ट्स, अन्य प्रमाण-पत्र एवं सामग्रियों का वितरण किया गया।

### जनसमूह को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई

वही विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मंच से नशामुक्त समाज की दिशा में संदेश देते हुए उपस्थित जनसमूह को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। यह संकल्प स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति एक जागरूक पहल है। समारोह के दौरान पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती भी श्रद्धाभाव से मनाई गई। गुरु साहेब ने उनके न्यायप्रिय शासन, जनसेवा और नारी सशक्तिकरण के लिए दिए गए योगदान को याद किया और उन्हें नमन किया। गुरु खुशवंत साहेब ने समाधान शिविर को शासन और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा—राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा ध्येय है। आरंग विधानसभा में आयोजित 12 समाधान शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सुशासन तिहार, सेवा और समर्पण की भावना को दर्शाने वाला अभियान है।

## संत कबीर प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम खैरखूँट में सद्गुरु कबीर सत्संग समिति द्वारा कबीर साहब जी की प्राकट्य उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले कबीर साहब जी की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

तत्पश्चात सत्संग समिति भीलौरी द्वारा कबीर साहब जी के वाणी वचनों को बहुत ही सुंदर ढंग से बताया गया साथ ही दीवान बालाराम साहू, सेवा राम साहू, संतोष साहू एवं धृपाल साहू ने अपने उद्बोधन में कबीर साहब जी के बताए मार्ग पर चलते हुए जीवन को सार्थक बनाने की बात कही गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अमर सिंह साहू, गुनु राम साहू, तीरीथ साहू, ललित साहू, मनोहर साहू, शिवकुमार साहू, नोहर सिंह साहू, माधव साहू, सत्यनारायण साहू, हिरावन साहू, कलानाथ साहू, घनश्याम साहू, अलवल साहू, पवन साहू, कल्याणी साहू, अंजू साहू, सरिता साहू, सुरुचि साहू, कांति साहू, ऊषा साहू, सहित आमीन माता महिला मंडली एवं सामाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर एनएसएस ईकाई द्वारा महाविद्यालय के समागार में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अमिता तिग्गा एवं डॉ. भुपेन्द्र तारक,अध्यक्षता प्राचार्य विवेक मिश्रा उपस्थित रहे। इस मौके पर अतिथियो ने तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों से उपस्थित लोगो को अवगत कराते नशा से दूर रहने की बात भी कही साथ ही प्राथमिक द्वितीयक और तृतीयक स्मोकिंग की प्रक्रिया में शरीर को होने वाले नुकसान के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

एनएसएस ईकाई के विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण ने शपथ लेकर नशे से समाज को मुक्त करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. अमित तिग्गा, अश्वनी ठाकरे, डॉ. त्रिवेणी साहू, शोभा शर्मा, ओंकार पौशर्य, यादराम वर्मा, डेमन साहू, कलेश्वरी नेताम मौजूद रहे।

### शिक्षकों का स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला



**आरंग।** शनिवार को कर्मा विद्यालय समोदा में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल तकनीक में दक्ष बनाना और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी बदलावों से अवगत कराना था। इस अवसर पर डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ अमित साहू एवं देवप्रकाश साहू ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने शिक्षकों को डिजिटल टूल्स, स्मार्ट क्लासरूम टेक्नोलॉजी, और ऑनलाइन शिक्षण विधियों के बारे में उपयोगी जानकारी दी।

## सम्मानपुर नकटी में गरीबों के आशियानों पर संकट, कांग्रेस उतरी समर्थन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



धरसींवा जनपद के अंतर्गत ग्राम सम्मानपुर नकटी में कब्जा शासन द्वारा हटाने जाने को लेकर एक तरफ ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। दूसरी तरफ कांग्रेसियों ने शनिवार को ग्रामीणों के समर्थन में गरीबों की आशियाना हटाए जाने का विरोध करते हुए उनके आंदोलन का समर्थन किया। पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, धरसींवा पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल रायपुर नगर निगम के पूर्व पार्षद कामरान अंसारी स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता मनहरण साहू ने धरना स्थल में पहुंचकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बता दे की राजधानी से लगे सम्मानपुर नकटी में सम्मिलित चारागाह जमीन में ग्राम सभा एवं पंचायत प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकान में गरीब परिवार 20 वर्षो से निवासरत है। जिसे भाजपा शासन ने तहसीलदार द्वारा 11 अप्रैल को आदेश जारी कर गरीबो को हटाने नोटिश जारी कर दिया है। पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा एवं पूर्व विधायक अनीता शर्मा ने कहां कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबी हटाने की बात करती है। वहीं दूसरी तरफ सम्मानपुर नकटी के निवासियों के आशियाने को बेदखलकर गरीबों को हटाने तुगलगी फरमान जारी किया गया है।

## पेज 11 के शेष...

### अब जल जीवन की...

टीम कर सकती है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' का लक्ष्य 2024 तक देश के हर ग्रामीण परिवार को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। अब इस मामले में केंद्र सरकार गंभीर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट की जांच कराने का फैसला किया है। जांच के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो मिशन की जांच व निरीक्षण करेंगे। यह रिपोर्ट पीएमओ को सौंपी जाएगी। छत्तीसगढ़ में इस योजना को लागू करने के भले ही बड़े-बड़े दावे किए गए हों, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ में कई जिलों कार्य अधूरा है। यहां पर अब तक एक तिहाई काम ही हो पाया है। चार साल में योजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। कोरोना और योजना के ठेके में गड़बड़ी के कारण यहां पर कार्य दो साल विलंब से शुरू हुआ था। राज्य के कुल 45 लाख घरों में से 20 लाख परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करना था।

### हजार से कम बेड...

पाए हैं। वर्तमान में एम्स में कुल 987 बेड मौजूद हैं, जो जरूरतों के हिसाब से काफी कम हैं। ट्रामा एंड इमरजेंसी में सवा सौ के करीब बेड हैं, जो आपात स्थिति में आने वाले मरीजों की संख्या के हिसाब से काफी कम हैं। आवश्यकताओं के हिसाब से यहां सुविधा बढ़ाने की काफी आवश्यकता है, मगर इस पर फैसला केंद्रीय स्तर पर होने की वजह अब तक कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी है।

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में...

शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि रायपुर संभाग में शनिवार को धरना प्रदर्शन के बाद संभाग स्तरीय क्रमिक आंदोलन में आंशिक संशोधन कर शिक्षक साझा मंच में निर्णय लिया गया कि 1 जून से पूरे प्रदेश में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही युक्ति युक्त करण की हो रही काउंसिलिंग का प्रत्येक जिला में बहिष्कार किया जाएगा। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश संचालक मंडल के वीरेंद्र दुबे,संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, राजनारायण द्विवेदी, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंब, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते हुए सभी अतिशेष शिक्षकों से अपील की है कि वे पालक, छात्र, शिक्षक और शिक्षा गुणवत्ता के हित में स्वयं काउंसिलिंग का बहिष्कार कर सेटअप 2008 के समर्थन में शामिल होकर शिक्षक एकता को मजबूत करें।

### प्रदेश में दूध का...

करके बेचा जाता है। अमूल दूध की खपत ही सबसे ज्यादा अपने राज्य में होती है। अगर बाहर की दूध कंपनियों का दूध यहां पर न बिके, तो दूध की भारी कमी हो सकती है। छत्तीसगढ़ का नाम देश में सबसे ज्यादा दूध का उत्पादन करने वाले टॉप टेन राज्यों में कहीं नहीं है। जानकारों के मुताबिक छत्तीसगढ़ का नाम टॉप 20 राज्यों में अंतिम एक-दो स्थानों पर ही है। अपने राज्य में दूध का जो उत्पादन होता है, वह बहुत कम है। कुछ साल पहले तो मुश्किल से डेढ़ लाख लीटर के आस-पास ही दूध का उत्पादन होता था, लेकिन अब यह बढ़कर करीब दो लाख लीटर हो गया है।अपने राज्य में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता महज 160 ग्राम है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर इसका औसत 410 ग्राम है। **पैकेट वाले दूध की खपत ज्यादा** : अपने राज्य में पैकेट वाले दूध की खपत ही ज्यादा होती है। देवभोग दूध की खपत रोज की 40 से 45 हजार लीटर के आस-पास है। अब यह बात अलग है कि देवभोग दूध के लिए किसानों से रोज करीब 85 हजार लीटर दूध लिया जाता है। इसी के साथ दूसरी कंपनियां भी किसानों से करीब 40 हजार लीटर दूध ले रही हैं। अमूल दूसरे राज्यों से भी दूध लेता है और रोज की खपत 80 से 85 हजार लीटर है। इसी के साथ अन्य कंपनियां वचन, मदर डेयरी, गाया, सांची के दूध के पैकेट भी यहां बिकते हैं। सभी कंपनियों के पैकेट वाले दूध की खपत रोज डेढ़ से पौने दो लाख तक होती है। इसी के साथ घरों के लिए लोग सीधे डेयरी और ग्वालों से दूध लेते हैं, उसकी खपत ही रोज की प्रदेश में करीब 40 हजार लीटर है। **मिठाई वाले लेते हैं एक लाख लीटर** : राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश में मिठाई, दही और पनीर बनाने का काम करने वाले होटल वाले कुछ कंपनियों, डेयरी और सीधे ग्वालों से दूध लेते हैं। अकेले रायपुर में ही रोज करीब 30 हजार लीटर दूध मिठाई दुकान वाले लेते हैं। इसी तरह से पूरे प्रदेश में मिठाई, दही और पनीर बनाने के लिए करीब एक लाख लीटर दूध लिया जाता है। चाय बनाकर बेचने वाले दुकानदारों में ज्यादातर दुकान वाले पैकेट वाले दूध का ही उपयोग करते हैं। वैसे कई दुकानदार डेयरी वालों और ग्वालों से भी दूध लेते हैं।

## शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को लेकर उच्च अधिकारियों की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



रायपुर जिले में कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम संतोषजनक न पाए जाने के चलते उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में संयुक्त संचालक रायपुर संभाग राकेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में गठित टीम ने विकासखंड के ग्राम संकरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की समीक्षा की टीम मे प्राचार्य डाइट बी.एस. देवांगन, सहायक संचालक शिक्षा संभाग अजित सिंह जाट,सहायक संचालक श्रीमती नीलम शर्मा,सहायक संचालक आलोक चाण्डक, सहा. परियोजना अधिकारी श्रीमती इंदिरा गांधी,डॉ. भावना तिवारी शामिल हे। इस समीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकरी, जिसकी कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम केवल 50 प्रतिशत रहा, पर विशेष ध्यान दिया गया।

प्राचार्य एवं शिक्षकों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु त्वरित एवं प्रभावशाली कदम उठाएं। विशेष रूप से जिन शिक्षकों की तैनाती स्थल से मुख्यालय की दूरी अधिक है, उन्हें शासन के निर्देशानुसार निकट मुख्यालय में रहने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा टीम के निर्णय अनुसार, संकरी स्कूल को संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय की टीम द्वारा गोद लिया गया है। टीम का लक्ष्य है कि आगामी परीक्षाओं में विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत लाया जाए। यदि आगामी तिमाही परीक्षा में कोई सुधार नहीं होता, तो शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, टीम के सदस्य समय-समय पर विद्यालय का निरीक्षण भी करेंगे।

### आम सूचना

**(ग्राम बड़गांव प०ह०नं० 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1647 रकबा 0.1500 हे. ख.नं. 1649 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1656 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1654 रकबा 0.2400 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.6000 हे. भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण क्रमशः (1) अरूण कुमार, (2) श्रीराम निषाद, दोनों पिता बचनलाल निषाद ग्राम जोरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (3) देवकी बाई निषाद पिता बचनलाल निषाद निवासी ग्राम डोमा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (4) संतोषी बाई निषाद पिता बचनलाल निषाद निवासी ग्राम मोहदी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (5) दीपक कुमार निषाद पिता रामाधीन निषाद निवासी ग्राम जोरा / रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (6) रविशंकर निषाद पिता रामाधीन निषाद निवासी ग्राम राखी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. (7) विश्वनाथ निषाद पिता रामाधीन निषाद निवासी चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके ग्राम बड़गांव प०ह०नं0 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1647 रकबा 0.1500 हे. ख.नं. 1649 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1656 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1654 रकबा 0.2400 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.6000 हे. भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 31.05.2025

**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**पता- साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827981229, 8319582060**

### आम सूचना

(ग्राम बड़गांव प०ह०नं० 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1339 रकबा 0.5600 हे. ख.नं. 1340 रकबा 0.0800 हे. ख.नं. 1341 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1342 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1639 रकबा 0.0700 हे. ख.नं. 1640 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1641 रकबा 0.1300 हे. ख.नं. 1642 रकबा 0.4500 हे. ख.नं. 1643 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1644 रकबा 0.0900 हे.ख.नं. 1645 रकबा 0.0700 हे.ख.नं. 1646 रकबा 0.1700 हे. ख.नं. 1651 रकबा 0.1100 हे. ख.नं. 1654/1 रकबा 0.1400 हे.ख.नं. 1655 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1658 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1659 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1693 रकबा 0.0400 हे. कुल ख.नं. 18 कुल रकबा 2.4000 हे. भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण अरूण कुमार, श्रीराम, पिता बचनलाल निवासी ग्राम जोरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ०ग० के संयुक्त हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके ग्राम बड़गांव प०ह०नं० 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1339 रकबा 0.5600 हे. ख.नं. 1340 रकबा 0.0800 हे. ख.नं. 1341 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1342 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1639 रकबा 0.0700 हे. ख.नं. 1640 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1641 रकबा 0.1300 हे. ख.नं. 1642 रकबा 0.4500 हे. ख.नं. 1643 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1644 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1645 रकबा 0.0700 हे. ख.नं. 1646 रकबा 0.1700 हे. ख.नं. 1651 रकबा 0.1100 हे.ख.नं. 1654/1 रकबा 0.1400 हे. ख.नं. 1655 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1658 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1659 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1693 रकबा 0.0400 हे. कुल खसरा 18 कुल रकबा 2.4000 हे. भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 31.05.2025

**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**पता- साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827981229, 8319582060**

## कौशल्या मंदिर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की मांग, हादसों से ग्रामीणों में उबाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखूरी

नरदहा से कौशिल्या माता मंदिर तक का मार्ग न केवल धार्मिक, बल्कि शैक्षिक और व्यावसायिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग फोर लेन में विकसित किए दो साल बीत चुके हैं और डिवाइडर भी बना दिया गया है, बावजूद इसके अब तक स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई। जिससे रात के समय यह सड़क अंधेरे में डूबी रहती है। ग्राम प्रमुख अनिल टंडन ने प्रशासन से कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह मार्ग दर्जनों स्कूलों, सैकड़ों चूना पत्थर खदानों और राजधानी रायपुर तक रेती-गिट्टी आपूर्ति के प्रमुख रूट के रूप में कार्य करता है। साथ ही, यह श्रद्धालुओं के लिए कौशिल्या माता मंदिर तक पहुंचने का मुख्य मार्ग है। फोर लेन सड़क बने दो साल हो चुके हैं, डिवाइडर भी बन गया है, लेकिन स्ट्रीट लाइट अब तक नहीं लगी। पिछले दो वर्षों में कई हादसों में जानें जा चुकी हैं। शासन को कई बार अवगत कराया,पर अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। अनिल टंडन, ग्राम प्रमुख, नरदहा ग्रामीणों का कहना है कि अंधेरे के कारण वाहन चालकों, छात्र-छात्राओं और आम राहगीरों को रोज़ाना जोखिम उठाना पड़ता है। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के चलते लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने चेताया है कि यदि जल्द ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्री-मानसून की झमाझम बारिश से सुबह-सुबह शहर तरबतर, कई सड़कों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दंतेवाड़ा में भले ही मानसून अटका हो, मगर शनिवार की सुबह हुई प्री-मानसूनी बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। काफी देर तक हुई झमाझम वर्षा से शहर की सड़कों पर पानी भर गया। बारिश की वजह से दिनभर उमस की समस्या नहीं रही और मौसम की ठंडकता से लोगों ने राहत महसूस की। मानसूनी हवा कमजोर होने की वजह से मानसून आगे नहीं बढ़ पा रहा है, मगर समय-समय पर होने वाली प्री-मानसूनी गतिविधि बारिश कराती रहेगी।

समय से पहले केरल फिर दंतेवाड़ा तक पहुंचा मानसून अब ठहर गया है। इसके आगे बढ़ने के लिये जिस गति की हवा और बंगाल की खाड़ी में सिस्टम की जरूरत है, वह मौजूद नहीं है। मानसून के पूरे बस्तर समेत राज्य में सक्रिय होने के लिए नए सिस्टम की जरूरत है जिसके बनने में थोड़ा वक्त लगने की संभावना है। रायपुर समेत प्रदेश में नवतपा की शुरुआत के साथ बारिश हो रही है और इसका असर अभी जारी रहेगा। शनिवार की सुबह प्री-मानसून गतिविधि सक्रिय हुई और इसके असर से माना और रायपुर में जोरदार बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि कुछ देर में ही शहर के विभिन्न इलाकों में पानी भर गया। प्रोफेसर कालोनी, बंजारी बाबा चौक, टिकरापारा, सुंदरनगर, राजेन्द्र नगर सहित कई मार्गों पर पानी भर गया। इसकी वजह से कुछ देर तक आवाजाही प्रभावित रही। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक द्रोणिका उत्तर प्रदेश से विदर्भ तक विस्तारित है, साथ ही वातावरण में काफी मात्रा में नमी मौजूद है।

## राजधानी में 42 मिमी. वर्षा दर्ज, दिनभर छाए रहे बादल, मौसम में ठंडकता

### तापमान 31 डिग्री से नीचे

सुबह 42 मिमी. बारिश होने की वजह से दिन में धूप ज्यादा असरदार नहीं हो पाया है। रायपुर का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिनभर धूप नहीं होने की वजह से उमस की परेशानी भी नहीं हुई। रायपुर के साथ माना का पारा भी 30 डिग्री तक ही पहुंचा, जो सामान्य से 12 डिग्री सेल्सियस कम था। रायपुर के अलावा पिछले चौबीस घंटे में देवभोग में 11 सेमी., वाड्रफनगर, बिलाईगढ़ में 6, बीजापुर, छुरा में 5, गरियाबंद, माना में 4 सेमी. बारिश हुई।



### मई में ज्यादा बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार मई के महीने में राज्य में बारिश की गतिविधि काफी अधिक रही है। इस महीने राज्य में औसत वर्षा 41 मिमी. होती है, जो इस बार 108 मिमी. तक दर्ज की गई। रायपुर समेत कोई भी जिला ऐसा नहीं रहा, जो मई में हुई बारिश से भीगा नहीं हो। आंकड़ों के अनुसार रायपुर में 37 मिमी. औसत वर्षा होती है जो 84 मिमी. दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप



### सरस्वती नगर में निकला अजगर, मोहल्ले में दहशत

**रायपुर।** सुबह-सुबह भारी बारिश के बाद सरस्वती नगर इलाके में निकले अजगर ने दहशत फैला दी। रेलवे स्टेशन के समीप घूम रहे इस लगभग दो फीट लंबे सांप की सूचना पर पहुंची टीम ने उसका रेसक्यू किया। बारिश के मौसम में विभिन्न इलाकों में सांप-बिच्छू निकलने की घटना सामने आ रही है। बताया जाता है सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन के समीप रहने वाले लोगों की नजर कचरे के ढेर में घूम रहे लगभग तीन फीट सांप पर पड़ी। सांप होने की सूचना मिलते ही वहां भीड़ एकत्रित हो गई। इस बीच जानकार लोगों ने उसके अजगर होने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर सांप पकड़ने वाली टीम वहां पहुंची और सांप का रेसक्यू किया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि सांप आसपास मौजूद चूहों की तलाश में बाहर निकला होगा और लोगों की नजर में आ गया होगा। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि पहली बार अजगर निकलने के बाद लोगों में दहशत है। इधर बारिश के साथ उमस की स्थिति बनने के बाद विभिन्न इलाकों में विषधर निकलने की शिकायत सामने आने लगी है।

### सिंगर्स के सुरों से आज सजेगी गीतों की महफिल

**रायपुर।** हार्मोनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 1 जून को शाम 6.30 बजे संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान के पास स्थित मायाराम सुरजन हॉल में होगा। यह कार्यक्रम मैथिल ब्राह्मण समाज के लगभग 20 गायक-गायिकाओं के सहयोग से किया जाएगा। ग्रुप के डायरेक्टर संजीव ठाकुर ने बताया कि रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगाव, जगदलपुर, जबलपुर के गायक कलाकारों द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने सीएम ने नाम सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में यादव समाज की बड़ी आबादी और राज्य के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल और विभिन्न निगम-मंडलों में उनके अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर यादव समाज ने गहरी चिंता व्यक्त की है। छत्तीसगढ़ (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव ने इस स्थिति पर विरोध जताया है। सर्व यादव समाज के नेतृत्व में राजिम महासभा के आदेशानुसार कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु, संतोष यदु, मनीराम यादव, शोभाराम यादव, रमेश यदु, राजेश यदु, ललिता यदु, गोकुल यदु, रामा यादव, हीराराम, केशरी यदु एवं कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## जिन चौराहों पर रोटेटरी लगे वहां मिली राहत

# सिग्नल हटाने से ट्रैफिक स्मूथ, जाम से मिल रही राहत, रोटेटरी लगने के बाद बच रहा वक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के प्रमुख चौराहों में सिग्नल की टाइमिंग और ट्रैफिक के दबाव से जनता परेशान है। ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम ने शहरवासियों को आए दिन ट्रैफिक जाम से हो रही परेशानी से निजात दिलाने शहर के चुनिंदा चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल बंद कर रोटेटरी का प्रयोग किया। अब उन चौराहों पर न ट्रैफिक जाम की समस्या है, न सिग्नल क्रॉस करने की हड़बड़ी। जनता समझदारी दिखाये, तो ट्रैफिक जाम का टेंशन खत्म। राजधानी के महिला थाना चौक, केनाल रोड और खम्हारडीह जैसे व्यस्ततम चौक पर इस तरह का प्रयोग सफल रहा। अब शहर के ह्दयस्थल समझे जाने वाले जयस्तंभ चौक का ट्रैफिक सिग्नल बंद कर रोटेटरी से ट्रैफिक कंट्रोल किया जाएगा, कोतवाली चौक में भी यह प्रयोग सफल रहा है। पेश है एक रिपोर्ट : -

- रोटेटरी का मिला बेहतर रिस्पांस, महिला थाना चौक, केनाल रोड, खम्हारडीह में सफल हो रहा प्रयोग

**केस 1**

### महिला थाना चौक

बूढ़ापारा, कालीबाड़ी, कोतवाली चौक, मोतीबाग चौक और सिविल लाइन की तरफ आने-जाने वालों को महिला थाना चौक से होकर गुजरना पड़ता है। पहले इस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल होने से टर्निंग पाइंट पर ट्रैफिक जाम से लोग परेशान थे। स्कूल-कालेज के विद्यार्थी, कामकाजी महिलाएं, सरकारी दफ्तर आने-जाने वाले और आम जनता को अपने गंतव्य तक तक पहुंचने के लिए ट्रैफिक जाम से होकर गुजरना पड़ता था। इसे देखते हुए यातायात विभाग ने महिला थाना चौक के सिग्नल को बंद कर वहां रोटेटरी लगाकर नया प्रयोग शुरू किया। हालांकि शुरू में यह अस्थायी व्यवस्था रही, पर इससे ट्रैफिक जाम की समस्या दूर हो गयी। अब यहां की रोटेटरी स्थायी रूप से शहर की जनता को राहत देने का काम कर रही है।





**केस 2**

### मोतीबाग के पास आलिया चौक

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित मोतीबाग के पास आलिया चौक और उससे आगे लगे ट्रैफिक सिग्नल को बंद कर इन दिनों ट्रैफिक कंट्रोल किया जा रहा है। यहां प्लास्टिक के स्टापरों की अस्थायी रोटेटरी बनाई गयी है। यह प्रयोग शहर की जनता को रास आने लगा है। शहर का व्यस्ततम चौक होने के कारण इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है, जिसके कारण सुबह से देर शाम तक ट्रैफिक जाम से लोग परेशान रहते थे, पर ट्रैफिक सिग्नल बंद करने से अब यहां गाड़ियों की लाइन नहीं लगती।

### अब जयस्तंभ चौक का सिग्नल होगा बंद

राजधानी बनने के बाद यह पहला मौका होगा, जब जयस्तंभ चौक के ट्रैफिक सिग्नल को बंद किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस चौक का ट्रैफिक कंट्रोल रोटेटरी से किया जाएगा। इस प्रमुख चौराहे से रोजाना 1.25 लाख गाड़ियां गुजरती हैं। सिग्नल की वजह से चौक के चारों ओर की सड़कों पर आने-जाने वालों को हर एक मिनट पर रुकना पड़ता है। कई बार इस सिग्नल का समय बढ़ाकर 90 सेकंड किया गया पर इससे लोगों की परेशानी बढ़ी। जयस्तंभ चौक पर ट्रैफिक का भारी दबाव है सिग्नल पर हरी बत्ती जलते ही एक साथ सैकड़ों गाड़ियां जाने से जाम लगता है। जाम को खत्म करने प्रयोग बतौर ट्रैफिक विभाग ने सिग्नल को एक माह बंद करने का फैसला लिया है। इसी तरह का प्रयोग शंकर नगर चौक और भारतमाता चौक पर अस्थायी रोटेटरी लगाकर किया गया है।

**केस 3**

### खम्हारडीह चौक

शहर के इस भीड़ वाले चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाकर पहले ट्रैफिक कंट्रोल किया जाता रहा, पर सिग्नल में टाइमिंग की शिकायत रही। शंकरनगर, खम्हारडीह सहित आसपास की कालोनी वाले इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। यातायात का दबाव ज्यादा होने और ट्रैफिक सिग्नल के कारण इस चौक पर जाम से लोग परेशान रहे। लोगों को जाम से राहत दिलाने अब यहां ट्रैफिक सिग्नल बंद कर रोटेटरी लगा दी गई है। इससे शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलने लगी है।

**केस 4**

### केनाल रोड

मंत्रियों के बंगले और आसपास की रहवासी कालोनियों सहित वीआईपी मूवमेंट के कारण केनाल रोड पर यातायात को नियंत्रित करने ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया, पर चौतरफा दबाव होने और सिग्नल की टाइमिंग कम रखने से सिग्नल क्लीयर होते ही गाड़ियों की लाइन लग जाती थी। आगे निकलने की होड़ में ट्रैफिक जाम की समस्या रही। आम जनता को हो रही परेशानी दूर करने रोटेटरी लगाकर यातायात नियंत्रित करने प्रयोग किया है। इसका शुरुआती रिस्पांस अच्छा रहा है।

# चैंबर के नवगठित पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन, प्रमाणपत्र सौंपे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन शनिवार को राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में आयोजित हुआ। इस मौके पर पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र सौंपे गये। विक्रम सिंह देव को चैंबर का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, इसके लिए उन्होंने चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर मनोनयन कर जो विश्वास व्यक्त किया गया, उसके लिए वे आभारी हैं। कार्यकारिणी पहली बैठक में 200 से ज्यादा नए सदस्य जोड़े गये। वही चैंबर के कर्मचारियों के वेतन में 10 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की गई। चैंबर ऑफ कामर्स के नवगठित पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन और कार्यकारिणी की पहली बैठक शनिवार को आयोजित हुई। इस मौके पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि चैंबर हमेशा व्यापारियों के हित में कार्य करता आया है, आगे भी हम पूरी ताकत के साथ व्यापारियों के हितों की रक्षा कर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

- चैंबर कर्मचारियों के वेतन में 10 फीसदी वृद्धि

चैंबर संरक्षक चर्तुभुज अग्रवाल ने कहा नई तकनीक का उपयोग कर व्यापार को समृद्ध बनाया जाये। चैंबर संरक्षक यूएन अग्रवाल ने सोलर एनर्जी के व्यापार करने पर जोर दिया। चैंबर संरक्षक पूरनलाल अग्रवाल ने कहा चैंबर व्यापारियों और सरकार के मध्य सदैव व्यापारिक हित में सेतु का काम करता है।

## पेज 11 के शेष ...

### अब जल जीवन की...

टीम कर सकती है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' का लक्ष्य 2024 तक देश के हर ग्रामीण परिवार को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। अब इस मामले में केंद्र सरकार गंभीर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट की जांच कराने का फैसला किया है। जांच के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो मिशन की जांच व निरीक्षण करेंगे। यह रिपोर्ट पीएमओ को सौंपी जाएगी। छत्तीसगढ़ में इस योजना को लागू करने के भले ही बड़े-बड़े दावे किए गए हों, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ में कई जिलों कार्य अधूरा है। यहां पर अब तक एक तिहाई काम ही हो पाया है। चार साल में योजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। कोरोना और योजना के ठेके में गड़बड़ी के कारण यहां पर कार्य दो साल विलंब से शुरू हुआ था। राज्य के कुल 45 लाख घरों में से 20 लाख परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करना था।

### हजार से कम बेड...

पाए हैं। वर्तमान में एम्स में कुल 987 बेड मौजूद हैं, जो जरूरतों के हिसाब से काफी कम हैं। ट्रामा एंड इमरजेंसी में सवा सौ के करीब बेड हैं, जो आपात स्थिति में आने वाले मरीजों की संख्या के हिसाब से काफी कम हैं। आवश्यकताओं के हिसाब से यहां सुविधा बढ़ाने की काफी आवश्यकता है, मगर इस पर फैसला केंद्रीय स्तर पर होने की वजह अब तक कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी है।

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में...

शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि रायपुर संभाग में शनिवार को धरना प्रदर्शन के बाद संभाग स्तरीय क्रमिक आंदोलन में आंशिक संशोधन कर शिक्षक साझा मंच में निर्णय लिया गया कि 1 जून से पूरे प्रदेश में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही युक्ति युक्त करण की हो रही काउंसिलिंग का प्रत्येक जिला में बहिष्कार किया जाएगा। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश संचालक मंडल के वीरेंद्र दुबे,संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, राजनारायण द्विवेदी, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंब, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते हुए सभी अतिशेष शिक्षकों से अपील की है कि वे पालक, छात्र, शिक्षक और शिक्षा गुणवत्ता के हित में स्वयं काउंसिलिंग का बहिष्कार कर सेटअप 2008 के समर्थन में शामिल होकर शिक्षक एकता को मजबूत करें।

### प्रदेश में दूध का...

करके बेचा जाता है। अमूल दूध की खपत ही सबसे ज्यादा अपने राज्य में होती है। अगर बाहर की दूध कंपनियों का दूध यहां पर न बिके, तो दूध की भारी कमी हो सकती है। छत्तीसगढ़ का नाम देश में सबसे ज्यादा दूध का उत्पादन करने वाले टॉप टेन राज्यों में कहीं नहीं है। जानकारों के मुताबिक छत्तीसगढ़ का नाम टॉप 20 राज्यों में अंतिम एक-दो स्थानों पर ही है। अपने राज्य में दूध का जो उत्पादन होता है, वह बहुत कम है। कुछ साल पहले तो मुश्किल से डेढ़ लाख लीटर के आस-पास ही दूध का उत्पादन होता था, लेकिन अब यह बढ़कर करीब दो लाख लीटर हो गया है।अपने राज्य में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता महज 160 ग्राम है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर इसका औसत 410 ग्राम है।

**पैकेट वाले दूध की खपत ज्यादा :** अपने राज्य में पैकेट वाले दूध की खपत ही ज्यादा होती है। देवभोग दूध की खपत रोज की 40 से 45 हजार लीटर के आस-पास है।

अब यह बात अलग है कि देवभोग दूध के लिए किसानों से रोज करीब 85 हजार लीटर दूध लिया जाता है। इसी के साथ दूसरी कंपनियां भी किसानों से करीब 40 हजार लीटर दूध ले रही हैं। अमूल दूसरे राज्यों से भी दूध लेता है और रोज की खपत 80 से 85 हजार लीटर है। इसी के साथ अन्य कंपनियां वचन, मदर डेयरी, गाया, सांची के दूध के पैकेट भी यहां बिकते हैं। सभी कंपनियों के पैकेट वाले दूध की खपत रोज डेढ़ से पौने दो लाख तक होती है। इसी के साथ घरों के लिए लोग सीधे डेयरी और ग्वालों से दूध लेते हैं, उसकी खपत ही रोज की प्रदेश में करीब 40 हजार लीटर है।

**मिठाई वाले लेते हैं एक लाख लीटर :** राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश में मिठाई, दही और पनीर बनाने का काम करने वाले होटल वाले कुछ कंपनियों, डेयरी और सीधे ग्वालों से दूध लेते हैं। अकेले रायपुर में ही रोज करीब 30 हजार लीटर दूध मिठाई दुकान वाले लेते हैं। इसी तरह से पूरे प्रदेश में मिठाई, दही और पनीर बनाने के लिए करीब एक लाख लीटर दूध लिया जाता है। चाय बनाकर बेचने वाले दुकानदारों में ज्यादातर दुकान वाले पैकेट वाले दूध का ही उपयोग करते हैं। वैसे कई दुकानदार डेयरी वालों और ग्वालों से भी दूध लेते हैं।

# 6 साल से फरार चिटफंड कंपनी सांई प्रसाद प्रापर्टीज का डायरेक्टर पुणे से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर सहित अन्य कई जिलों के हजारों लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाली चिटफंड कंपनी सांई प्रसाद प्रापर्टीज लिमिटेड के डायरेक्टर शैलेष अमृत भोईर को आखिरकार रायपुर पुलिस ने ढूंढ निकाला। वह पिछले लगभग 6 साल से फरार था, जिसे पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

सांई प्रसाद प्रापर्टीज चिटफंड कंपनी ने लोगों को अपनी कंपनी में निवेश कराने संबंधित स्कीमें चलाई गई थीं। इन स्कीम में साढ़े छह माह में दोगुना लाभ देने की गारंटी देते हुए लोगों को अपने झांसे में लेकर उनसे अलग-अलग स्कीम के तहत राशि निवेश कराया गया था। इस काम के लिए कंपनी ने अपना सेटअप भी खड़ा किया था, जिसमें कई कर्मचारियों को भी रखा गया था। ये कर्मचारी ही लोगों को स्कीम की जानकारी देकर उन्हें अपने जाल में फंसाते थे। कंपनी की इस लुभावनी स्कीम में हजारों ने फंसकर राशि निवेश भी की। इस तरह कंपनी में करोड़ों रुपए निवेश किए गए हैं। राशि निवेश कराने के बाद कंपनी के सभी डायरेक्टर अचानक फरार हो गए। इनमें एक डायरेक्टर शैलेष अमृत भी है, जो वर्ष 2019 से फरार था। पुलिस ने उसे अब जाकर गिरफ्तार किया है।

- साढ़े छह माह में दोगुना लाभ देने का झांसा देकर की थी करोड़ों की ठगी

### ये डायरेक्टर पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

इस चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर में शैलेष के अलावा बाला साहब भापकर, वंदना भापकर, शशांक भापकर सहित अन्य लोग भी शामिल हैं। इनमें बाला, वंदना और शशांक को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं अन्य डायरेक्टर के अलावा इस कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी अभी फरार हैं। पुलिस उन सभी को तलाश कर रही है।

### न्यू राजेंद्रनगर थाना में मामला दर्ज

राजधानी में इस चिटफंड कंपनी के खिलाफ कई लोगों ने न्यू राजेन्द्र नगर में शिकायत की थी। इन शिकायतों के आधार पर थाने में सभी के खिलाफ धारा 420, 34 भादवि., 6, 10 छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005, 3, 4, 5, 6 द प्राईज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम के तहत अपराध दर्ज है।

# छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना 1 जून से निकालेगी खारुन आजादी पदयात्रा

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा पांच दिवसीय 1 से 5 जून तक खारुन नदी की अस्तित्व को बचाने के लिए पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा की रूपरेखा एवं उद्देश्य स्पष्ट करते हुए क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा सोमनाथ संगम से 1 जून को निकलेगी एवं नदी के किनारे-किनारे बढ़ते हुए निकटस्थ गांवों में पर्यावरण जागरुकता नुक्कड़ सभाएं करते हुए पांचवें दिन महादेवघाट रायपुर में हाटकेश्वर महादेव मंदिर में जलार्पण करते हुए 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के दिन ही सभा में परिवर्तित हो जाएगी। वर्तमान में भाजपा सरकार को यात्रा के माध्यम से चेतावनी दी जाएगी कि अपनी नीतियों में परिवर्तन करे, जलस्त्रोतों को सुरक्षित रखे। उद्योगों को विधिसम्मत पानी देने का विरोध नहीं है, लेकिन यह ध्यान रहे कि खारुन नदी भी जिंदा रहे और खारुन दाई की संतानों को भी जीवित रहने दें, अन्यथा भविष्य में उग्र लोकतांत्रिक विरोध का सामना करने तैयार रहे। इस मौके पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय यादव ने प्रदेशवासियों से पदयात्रा में शामिल होने का आव्हान करते हुए बताया कि खारुन नदी की लड़ाई हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। खारुन के किनारों पर स्थित तरीघाट, कौही, ठकुराइन टोला जैसे पुरातात्विक स्थलों की खुदाई से हमें पता चलता है कि खारुन नदी का सदियों पुराना स्वर्णिम इतिहास है।

- 1 जून से विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून तक चलेगी पदयात्रा

**आम सूचना**

**(ग्राम बड़गांव प०ह०नं० 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1647 रकबा 0.1500 हे. ख.नं. 1649 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1656 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1654 रकबा 0.2400 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.6000 हे. भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण क्रमशः (1) अरूण कुमार, (2) श्रीराम निषाद, दोनों पिता बचनलाल निषाद ग्राम जोरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (3) देवकी बाई निषाद पिता बचनलाल निषाद निवासी ग्राम डोमा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (4) संतोषी बाई निषाद पिता बचनलाल निषाद निवासी ग्राम मोहदी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (5) दीपक कुमार निषाद पिता रामाधीन निषाद निवासी ग्राम जोरा / रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (6) रविशंकर निषाद पिता रामाधीन निषाद निवासी ग्राम राखी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. (7) विश्वनाथ निषाद पिता रामाधीन निषाद निवासी चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके ग्राम बड़गांव प०ह०नं0 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1647 रकबा 0.1500 हे. ख.नं. 1649 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1656 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1654 रकबा 0.2400 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.6000 हे. भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 31.05.2025

**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**पता- साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827981229, 8319582060**

**आम सूचना**

(ग्राम बड़गांव प०ह०नं० 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1339 रकबा 0.5600 हे. ख.नं. 1340 रकबा 0.0800 हे. ख.नं. 1341 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1342 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1639 रकबा 0.0700 हे. ख.नं. 1640 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1641 रकबा 0.1300 हे. ख.नं. 1642 रकबा 0.4500 हे. ख.नं. 1643 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1644 रकबा 0.0900 हे.ख.नं. 1645 रकबा 0.0700 हे.ख.नं. 1646 रकबा 0.1700 हे. ख.नं. 1651 रकबा 0.1100 हे. ख.नं. 1654/1 रकबा 0.1400 हे.ख.नं. 1655 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1658 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1659 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1693 रकबा 0.0400 हे. कुल ख.नं. 18 कुल रकबा 2.4000 हे. भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण अरूण कुमार, श्रीराम, पिता बचनलाल निवासी ग्राम जोरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ०ग० के संयुक्त हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके ग्राम बड़गांव प०ह०नं० 11 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1339 रकबा 0.5600 हे. ख.नं. 1340 रकबा 0.0800 हे. ख.नं. 1341 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1342 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1639 रकबा 0.0700 हे. ख.नं. 1640 रकबा 0.0500 हे. ख.नं. 1641 रकबा 0.1300 हे. ख.नं. 1642 रकबा 0.4500 हे. ख.नं. 1643 रकबा 0.1200 हे. ख.नं. 1644 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1645 रकबा 0.0700 हे. ख.नं. 1646 रकबा 0.1700 हे. ख.नं. 1651 रकबा 0.1100 हे.ख.नं. 1654/1 रकबा 0.1400 हे. ख.नं. 1655 रकबा 0.0900 हे. ख.नं. 1658 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1659 रकबा 0.0300 हे.ख.नं. 1693 रकबा 0.0400 हे. कुल खसरा 18 कुल रकबा 2.4000 हे. भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 31.05.2025

**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**पता- साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827981229, 8319582060**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



15 'आकार' में निखरी प्रतिभाओं ने कला...

## सिटी इवेंट

## तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक से बताई स्वास्थ्य समस्याएं



**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर रायपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना और तंबाकू का सेवन न करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रीति नारायण, जिला नोडल अधिकारी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक के निर्देशन में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दिन की शुरुआत सेल्फी स्टैंड, हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण और रिक्शा प्रचार प्रसार के माध्यम से की गई। तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रमुख स्थानों पर सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री भी लगाई गई। इसके अलावा, कालीबाड़ी टीबी अस्पताल के बाहर और भाठागांव बस स्टैंड पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया, जिसमें तंबाकू से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को बताया गया।

### तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से कराया अवगत

स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में विविध जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मौखिक स्वच्छता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने रचनात्मक तरीके से तंबाकू निषेध संदेश प्रस्तुत किए। इसके बाद शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय से मेकाहारा, ऑक्सीजोन, कलेक्टर कार्यालय होते हुए एक रैली निकाली गई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया। रैली के बाद महाविद्यालय परिसर में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से तंबाकू और निकोटिन उत्पादों से जुड़ी सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दर्शाया।

श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी नवा रायपुर कैंपस में सुहानी शाम का आयोजन, बॉलीवुड सिंगर ने मचाई धूम

# लेजा लेजा...से ध्वनि ने जीता दिल, हर गाने पर वन्स मोर की गूंज, देर रात तक झूमे फैंस

'नवा रायपुर में श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी कैंपस बॉलीवुड सिंगर ध्वनि भानुशाली के गीतों से गुलजार रहा। शाम 7 बजे से उनकी एक झलक पाने के लिए बैठे युवाओं के बीच ध्वनि ने लेजा लेजा... गीत से लाइव कंसर्ट में एंट्री की। जगमगाते स्टेज पर गीत-संगीत के बीच डांस करते हुए ध्वनि ने दर्शक दीर्घा में मौजूद युवाओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। जिस सिंगर के गीतों को सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं, उन्हें लाइव सुनने का अवसर मिला तो वन्स मोर, वन्स मोर के शोर से यूनिवर्ससिटी कैंपस सराबोर हो गया।'






**रायपुर।** रायपुरियंस के बीच पहली बार गीतों की महफिल सजाने के लिए आई चर्चित बॉलीवुड सिंगर ध्वनि भानुशाली एंड ग्रुप ने गीतों के बीच डांस से ऐसा समां बांधा कि युवा इसमें रमते चले गए। यह सिलसिला रात 9 बजे से देर रात तक चला। लेजा लेजा.... की मेरी सांसों के तू.... वास्ते.... जैसे एक-एक सुपरहिट गाने ध्वनि ने मनमोहक अंदाज में पेश करते हुए सभी को अपना फैन बना लिया। यह शानदार कंसर्ट श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी नवा रायपुर कैंपस में किया गया। सुहानी शाम कार्यक्रम में ध्वनि जैसे ही स्टेज पर पहुंचीं, फैंस की खुशी देखने लायक थी। सभी ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। यूनिवर्सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिन्मय दावड़ा के साथ ही महानिदेशक चार्मी दावड़ा भी इसमें प्रमुख रूप से उपस्थित थी। इनके प्रयासों से संगीत प्रेमियों को लाइव कंसर्ट का हिस्सा बनने का अवसर मिला।

### अलग-अलग लुक में नजर आईं ध्वनि

प्रोग्राम में शिरकत करने आईं उनकी डांस टीम ने स्टेज पर उनका बखूबी साथ दिया। हर तीन से चार गाने के बीच सिंगर ध्वनि अलग-अलग लुक में नजर आईं। इससे दर्शक दीर्घा में बैठकर वीडियो बनाने वालों को एक ही प्रोग्राम में उनके गीतों के साथ कई वीडियो बनाने का अवसर मिला। आमतौर पर किसी प्रोग्राम के बीच अलग-अलग लुक में सिंगर्स कम ही नजर आते हैं। यह प्रोग्राम इस वजह से अनूठा रहा, क्योंकि किसी यूनिवर्सिटी कैंपस में इस तरह का आयोजन होना भी युवाओं का उत्साह बढ़ाने वाला था।





### स्टेज से पेश किए अपने सुपरहिट गाने

ध्वनि ने देखते ही देखते जबरदस्त समां बांधा। अपने कई सुपरहिट गानों से लोगों को भरपूर मनोरंजन किया। जैसे ही उन्होंने वास्ते... गाना शुरू किया, फैंस झूम उठे। इसी तरह लेजा लेजा रे महकी शाम..., पर फैंस झूमने को मजबूर हो गए। इस तरह की मेरी सांसों में तू.. गाने को भी सभी ने बेहद एंज्वाय किया। राधा... गाने में भी सभी ने सुर से सुर मिलाया। कंसर्ट में बड़ी संख्या में फैंस शामिल हुए। सभी ने इस शाम को एंजॉय किया। इस दौरान यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने व्यवस्था बनाने के लिए वॉलंटियर्स के साथ ही सुरक्षा के लिए गार्ड और बाउंसर भी तैनात किए थे।

## लाइव इवेंट

## गमों से खुद को बचाया है या अली कहकर...,मेरे ख्वाजा नबी का सहारा




रायपुर। हजरत सैय्यद बाबा खाकी शाह वली रह अलैह के 59वें उर्स पाक के मौके पर बूढ़ेश्वर चौक के पास स्थित शीतला मंदिर चौक पर बड़े शानो-शौकत से कव्वाली के लिए स्टेज सजाया गया। इस बार बिहार के शाहरुख साबरी एंड पार्टी ने देर रात कव्वाली की ऐसी महफिल सजाई कि इसे सुनने वाले कव्वाली प्रेमी मंत्रमुग्ध हो गए। शनिवार की रात 11 बजे के बाद कव्वाली का आगाज शाहरुख साबरी ने 'गमों से खुद को बचाया है या अली कहकर'...पेश करते हुए लोगों को भावविभोर कर दिया। जैसे-जैसे महफिल में फनकारों की कव्वाली का सिलसिला आगे बढ़ा, लोगों की भीड़ भी सड़क पर बढ़ने लगी। साबरी साहब ने 'मेरे ख्वाजा नबी का सहारा'..., के बाद 'हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई'..., पेश करते हुए कव्वाली प्रेमियों से वाहवाही लूटी।

### महफिल में कव्वाली प्रेमियों की उमड़ी भीड़

कौमी एकता के प्रतीक बन चुके इस उर्स पाक में हर जाति और धर्म के लोग जुड़े हैं। सरपरस्त लक्ष्मीनारायण लाहोटी की अगवाई में कव्वाली प्रेमियों के लिए स्टेज के सामने कुर्सियां सजाई गईं। प्रोग्राम में किसी प्रकार की अव्यवस्था जैसी स्थिति न बनने पाए, इसके लिए कमेटी के लोगों को जिम्मेदारी बांटी गई थी। सर्वधर्म समभाव की भावना के चलते यह प्रोग्राम इसलिए भी अनूठा है, क्योंकि जहां एक तरफ शीतला माता मंदिर की घंटी व मस्जिद से अजान की सदा निकलकर कौमी एकता का मिलाजुला संदेश देती है, वहीं शनिवार की रात कव्वाली की सजाई गई महफिल हर वर्ग के कव्वाली प्रेमियों की भीड़ रही।



### हर कव्वाली के बीच दर्शकों ने बढ़ाया उत्साह

उर्स कमेटी के अध्यक्ष मो. फारुख मेमन, विशिष्ट अतिथि मखमूर इकबाल खान एवं मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह छाबड़ा को भी आमंत्रित किया गया था। दरगाह शरीफ के खादिमे आस्ताना सैय्यद जावेद अली, परवेज अली, जुनैद अली और मुख्तार अहमद कुरैशी ने प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किया। शनिवार को बाद नमाज मगरीब आम लंगर का आयोजन किया गया। इसमें हर जाति और धर्म के लोगों ने लंगर में भाग लिया। मौसम खराब होने के बाद भी कव्वाली के कद्रदानों की भीड़ देर रात तक जमी रही। इससे प्रोग्राम में भी रंगत में नजर आई। हर कव्वाली के बीच लोगों ने उत्साहवर्धन किया।

# अखबार से फोटो फ्रेम, तेल के डिब्बे से चिड़िया का घोंसला और बोतल से बनाया लाइट हाउस

**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय, पुरानी बस्ती में वेस्ट से बेस्ट बनाने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता अग्रसेन महाविद्यालय कैंपस में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चली। सबसे पहले प्रतिभागियों को एक्सपर्ट टीचर्स ने अपने आसपास उपलब्ध वेस्ट सामान को उपयोगी सामान में निर्मित करने का प्रशिक्षण दिया। इसके बाद प्रतिभागियों को उपलब्ध वेस्ट सामान से बेस्ट बनाने कहा गया। इस पर प्रतिभागियों ने वेस्ट से बेस्ट बनाकर प्रस्तुत किया। वेस्ट से बेस्ट बनाने वाले प्रतिभागियों के लिए ईनाम रखा गया। विजयी प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार सान्वी श्रीवास्तव और द्वितीय पुरस्कार श्रेया अग्रवाल के नाम रहा। प्रतिभागियों को पुरस्कार महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर दिया जाएगा। यह जानकारी प्रतियोगिता की प्रभारी प्रो. रुक्मिणी अग्रवाल ने दी। इस अवसर पर अग्रसेन महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल , प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत सहित प्रोफेसर एवं प्रतिभागी बच्चे उपस्थित रहे।





### ऐसे प्रतियोगिताओं से बढ़ती है रचनात्मकता

महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, अपनी सूझबूझ से उन्हें आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा मिलती है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्मकालीन प्रतियोगिता में हर वर्ष विभिन्न विधाओं में छात्र भाग लेते हैं, महाविद्यालय के आसपास रहने वाले प्रशिक्षुओं के लिए यह एक अच्छा अवसर होता है, अपनी प्रतिभा दर्शाने से उनका मनोबल भी बढ़ता है। प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता पूर्व वर्षों की भांति आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में सभी वर्गों के बच्चे भाग ले सकते हैं, कम समय में घरेलू बेकार पड़े सामान से बच्चों ने कई अच्छी नई नई चीजें बनाई हैं। महाविद्यालय में हर साल इसी तरह के ग्रीष्मकालीन कक्षाओं में बच्चे कुछ न कुछ सीखते है। प्रतियोगिता में बच्चों ने अखबार से फोटो फ्रेम, तेल के खाली डिब्बे से चिड़िया का घोंसला और बोतल से बहुत सुंदर-सा लाइट हाउस बनाकर तैयार किया।

# कथाकार बनने 23 वनवासियों ने लिया प्रशिक्षण, अब गुजरात होंगे रवाना



**रायपुर।** एकल श्रीहरि कथा योजना द्वारा विगत एक माह से चल रहे व्यास प्राथमिक वर्ग का समापन शनिवार को हुआ। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस दौरान वनवासियों को प्राथमिक श्रीराम कथा, धार्मिक भजन, हिंदू जागरण के साथ सामाजिक कार्यों और कथाकार बनने के सभी गुण-स्वभाव आदि का प्रशिक्षण दिया गया। वर्ग के समापन अवसर पर सत्यनारायण भवन कालीनगर पंडरी में वनबंधु परिषद के पदाधिकारियों ने पहुंचकर वनवासी भाई–बहनों का हौसला बढ़ाया एवं मार्गदर्शन दिया। इस वर्ग के पूर्ण होने के पश्चात सभी 23 वनवासी आगे के प्रशिक्षण के लिए गुजरात रवाना होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल एवं महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि समापन अवसर पर मुख्य रूप से राजीव नंदे, सुलोचना बंका, वार्ष्णेय जायसवाल, सरल मोदी, अनिता खंडेलवाल, कांता सिंघानिया, माऊजी भाई पटेल, राजवीर अहिरवार, बिंदिया अग्रवाल, डॉ. किरण छावछरिया, कविता राठी, आभा मिश्रा, अर्चना अग्रवाल, कांता अग्रवाल, प्रेमलता बिसेन, मिनी पांडे, नीलम सिंघानिया, अनिता शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## जानिए डेयरी में कैसे होती है दूध की पैकेजिंग

# इजरायली तकनीक से रोजाना 1000 हॉल्सटीन फ्रीजियन गायों से ऑटोमैटिक दूध संग्रहण, दुहने से लेकर पैकेजिंग तक पूरी प्रक्रिया स्वचालित

कार्नर न्यूज

विश्व दुग्ध दिवस

**रायपुर।** देसी और पारंपरिक तरीकों से शरीर को मजबूत बनाने में दूध की भूमिका अहम होती है। दूध न केवल पोषण का स्रोत है, बल्कि यह इम्यूनिटी को भी मजबूत करता है। इसी उद्देश्य को लेकर सारडा डेयरी एंड फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा संचालित वचन ब्रांड ने गुणवत्तापूर्ण डेयरी उत्पादों के क्षेत्र में अपने 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर कंपनी द्वारा खरोरा स्थित अत्याधुनिक डेयरी प्लांट का औद्योगिक भ्रमण कराया गया।

इस दौरान प्लांट की सभी प्रमुख प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। कच्चे दूध की क्वालिटी टेस्टिंग, स्वचालित पैकेजिंग यूनिट और हाइजेनिक स्टोरेज तक की जानकारी दी गई। कंपनी ने बताया कि वचन ब्रांड अपने उत्पादों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर सजग है। इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर पंकज सारडा ने बताया कि जून 2015 में चेयरमैन कमल सारडा के विजन गौ सेवा परम धर्म के साथ कंपनी की नींव रखी गई थी। आज वचन ब्रांड उपभोक्ताओं को शुद्ध और पौष्टिक दूध तथा डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराने में एक भरोसेमंद नाम बन चुका है।





### 250 करोड़ रुपए का निवेश करेगी कंपनी

कंपनी आने वाले समय में 250 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रही है। इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आइस्क्रीम, बेकरी, मिठाई, वैल्यू एडेड मिल्क प्रोडक्ट्स और सस्टेनेबल पैकेजिंग सॉल्यूशंस को विकसित करना है। साथ ही कंपनी फ्रेंचाइजी पार्लर खोलने की योजना भी बना रही है। वचन डेयरी के प्रमुख उत्पादों में दूध, घी, दही, पनीर, श्रीखंड, लस्सी, छाछ, मिठाई (जैसे रबड़ी, पेड़ा), मिल्क पाउडर और एनर्जी ड्रिंक शामिल हैं।

### फ्रीजियन गाय से दूध का संग्रहण



वचन फार्म पूरी तरह से आधुनिक और स्वचालित तकनीक से सुसज्जित है। जहां इजरायली तकनीक पर आधारित अत्याधुनिक सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन 1000 से अधिक हॉल्सटीन फ्रीजियन नस्ल की उच्च गुणवत्ता वाली दुधारू गायों से दूध संग्रहित किया जाता है।इस फार्म की सबसे खास बात यह है कि मिल्किंग यानी दुग्ध दुहने से लेकर पैकेजिंग तक की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी तरह से ऑटोमैटिक है और इसमें मानव हस्तक्षेप नहीं के बराबर होता है। इससे उत्पाद की स्वच्छता और गुणवत्ता बनी रहती है तथा दूषित होने की कोई आशंका नहीं रहती। हर बैच की कड़ी जांच की जाती है, ताकि उपभोक्ताओं तक शुद्ध और उच्च गुणवत्ता वाला दूध पहुंचाया जा सके। परीक्षणों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता और शुद्धता वाला दूध सुनिश्चित किया जाता है।

## समाज लाइव

# बंगाली समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




**रायपुर।** बंगाली समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। शनिवार को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम को आयोजित इस सम्मान समारोह में बंगाली समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मान समारोह में बंगाली समाज के 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें समाज के 11 बच्चों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं कवि रविंद्रनाथ टैगोर की रचनावली पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बंगाली समाज कालीबाड़ी समिति एवं 11 संस्था को शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में लाइफ नृत्य नाटिका की प्रस्तुति 30 बंगाली समाज के कलाकारों ने दी। संस्था के अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने बंगाली समाज के सभी कलाकारों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मान समारोह में मंच संचालन रूनाली चक्रवर्ती, प्रभात वावली ने किया।

### इन छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

बंगाली समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं में तनूजा हालदार पखांजूर 98.33 प्रतिशत, रोशनी दास पखांजूर 92 प्रतिशत, धीमान बर्मन पखांजूर 98.3 प्रतिशत, दीया राय दुर्ग 95 प्रतिशत, जीवन सामदार 98.6 प्रतिशत, धनक मित्रा रायपुर 97 प्रतिशत, श्रेया श्रीपाल रायपुर 93.8 प्रतिशत का सम्मान किया गया। समाज द्वारा सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गए।

## एजूकेशन लाइव

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर 11 जून को प्रशिक्षण सत्र



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल द्वारा 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, इनोवेशंस इन जियोलॉजी एंड वॉटर रिसोर्सेज' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संस्थान के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव होंगे, अध्यक्षता डीन डॉ. जीपी मिश्रा और सीईसी के चैयरमैन डॉ. शुभोजीत घोष करेंगे। विद्यार्थियों के कौशल विकास के उद्देश्य से यह कार्यक्रम 11 जून को आयोजित किया जा रहा है।

### 5 जून पंजीयन की अंतिम तिथि

कार्यशाला में जियोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीक, वॉटर रिसोर्स डेवलपमेंट और मैनेजमेंट के एप्लिकेशन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जियोलॉजी, हाइड्रोजियोलॉजी, एन्वायरनमेंटल जियोलॉजी, रिमोट सेंसिंग और वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट पर जीआईएस के एप्लिकेशन की व्याख्या की जाएगी। सत्र के दौरान जियो साइंस में एआई और मशीन लर्निंग के फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला को ऑनलाइन मोड पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों को मौका दिया जा सके। प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 5 जून है, जिसमें चयनित विद्यार्थियों की सूची 9 जून को जारी होगी। प्रशिक्षण के लिए यूजी, पीजी, उच्च शिक्षण संस्थान के पीएचडी स्कॉलर्स, तकनीकी और अकादमिक क्षेत्र से फैकल्टी, स्टाफ, लैब इंस्ट्रक्टर्स और सरकारी कर्मचारी अपना पंजीयन एनआईटी रायपुर की वेबसाइट पर कर सकते हैं।

## सिटी इवेंट

# सोनकर समाज के 200 जनप्रतिनिधियों का सम्मान आज, लोकमंजरी की विशेष प्रस्तुति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचित लगभग 200 जनप्रतिनिधियों के सम्मान में रविवार को शहीद स्मारक भवन में भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित शहर के चारों विधानसभा क्षेत्रों के विधायक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर करेंगे। समारोह में नगरीय निकाय चुनावों में निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के साथ-साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और पंचों का सम्मान किया जाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज को संदेश

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम 'लोकमंजरी' का भी आयोजन होगा, जिसका निर्देशन अभिषेक सोनकर द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए समाज के प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर, महामंत्री चेतन सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल सोनकर, सियाराम सोनकर, मनोज सोनकर, अंकेक्षक अखिलेश सोनकर, उपमंत्री भगवत इंदौरिया, शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ सोनकर एवं पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

● राज्यभर से 1500 से अधिक प्रशिक्षु कलाकारों ने कराया था पंजीयन, 100 से ज्यादा कला गुरु हुए शामिल

# 'आकार' में निखरी प्रतिभाओं ने कला गुरुओं के समक्ष मंच पर दिखाया लोकनाट्य, चित्रकारी-शिल्प का हुनर

**किसी भी विधा-कला को सीखने की कोई उम्र नहीं होती। यही देखने को मिला आकार प्रशिक्षण शिविर में, जहां 15 विधाओं में प्रदेशभर से आए हर उम्र के प्रतिभागियों ने कला गुरुओं से हुनर की बारीकियां सीखीं। राज्य संस्कृति विभाग की ओर से 15 मई से शुरू किए गए आकार कला प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को मुक्ताकांशी मंच पर रंगारंग समापन हुआ।**





**रायपुर।** इस समारोह में प्रशिक्षु कलाकारों ने फाईन आर्ट, नाटक, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोदना आर्ट, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी एवं ट्रॉयबल वुडन आर्ट, भरथरी गाथा, नाचा एवं लोकनृत्य-गीत, आदिवासी नृत्य एवं गीत, सैंड आर्ट, धान ज्वेलरी एवं ड्राई फ्लॉवर, ढोकरा शिल्प, वाद्ययंत्र समेत कई विधाओं का मुक्ताकांशी मंच पर अपने कला गुरुओं के सामने शानदार प्रस्तुति देकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया और सबका मन जीत लिया। बता दें कि 16 दिनों तक राज्य स्तरीय शिविर में कला गुरुओं ने संस्कृति विभाग परिसर में संबंधित विधाओं के प्रतिभागियों को पारंगत किया। इसके लिए प्रतिभागियों का स्टॉल लगाकर विभाग की ओर से पंजीयन किया गया। विभाग के मुताबिक, 1500 से अधिक प्रशिक्षु कलाकारों ने राज्यभर से पंजीयन कराया। वहीं 100 से अधिक कला गुरुओं, सहायक कलाकारों को आकार कला प्रशिक्षण शिविर में आमंत्रित किया गया। आकार प्रशिक्षण शिविर के 16वें दिन समापन समारोह रखा गया। इसमें प्रतिभागी कलाकारों ने विभाग के मुक्ताकाशी मंच पर अपनी विधा का बारी-बारी से मंचीय प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि व राज्य संस्कृति विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित प्रशिक्षु कलाकार, उनके पालक, कलागुरु व कलाप्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।





### 60 साल की वृद्धा लक्ष्मीबाई सुआ गीत सीखने पहुंचीं

राजनांदगांव जिले के टेड़ेसरा गांव की 60 वर्षीय वृद्धा लक्ष्मीबाई सुआ गीत सीखने पहुंची। उन्होंने बताया कि पति तबला वादक लोक कलाकार थे, मैं भी सुआ गीत गाती थी, पर कुछ साल पहले पति की मृत्यु के बाद सबकुछ भूल गई। आकार प्रशिक्षण शिविर के बारे में लोकगायिका रमा जोशी ने बताया, तब उनसे मैंने कहा कि मुझे भी सुआ गीतों का फिर से प्रशिक्षण लेना है, ताकि सुआ गीत फिर से याद हो जाएं और गा सकूं। उन्होंने मंच पर अन्य लोकगायिकाओं के साथ सुआ गीतों की मधुर प्रस्तुति से सबका मन जीत लिया।







### 11 साल की दीक्षा ने बनाई बुद्ध की कैनवास पेंटिंग

6वीं कक्षा की छात्रा दीक्षा देवांगन ने बताया कि उन्होंने आकार कला प्रशिक्षण शिविर में पिछले 16 दिनों के अंदर कला गुरु देवआनंद पवार से सैंड आर्ट पेंटिंग व कैनवास पेंटिंग की कला सीखी, इसके बाद भगवान बुद्ध की कैनवास पेंटिंग बनाकर मंच के माध्यम से अपने कला गुरु के सामने प्रस्तुति दी। मेरे कैनवास व सैंड आर्ट को देखकर कला गुरु तथा पैरेंट्स ने सराहना की। वहीं कलागुरु देवआनंद पवार ने सैंड आर्ट से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का चित्र उकेरा।

### नाट्य मंचन से दिया शिक्षा-स्वच्छता का संदेश

प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह में नाटक विधा के अंतर्गत 16 प्रशिक्षु नाट्य कलाकारों ने मुक्ताकाशी मंच से महिला शिक्षा पर केंद्रित छत्तीसगढ़ी नाटक विद्या के अंजोर व हिंदी में चांदी का चमचा नामक नाटक की जीवंत प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण शिविर में नाट्य प्रशिक्षण देने वाली नाट्य कला गुरु अर्पिता बेड़ेकर ने बताया कि उन्होंने पिछले 16 दिनों में 16 प्रतिभागियों को नाट्य कला में प्रशिक्षित किया। इन प्रतिभागी कलाकारों को नाट्य लेखन, मंचन, श्रृंगार, संवाद प्रस्तुति जैसी बारीकियां सिखाई गई।

# फैशन-इंटीरियर डिजाइनर्स ने ग्लोबल प्रदर्शनी से सजाया कैंपस



**रायपुर।** एनआईएफ ग्लोबल ने अपने दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आगाज किया। इससे कैंपस में फैशन और इंटीरियर डिजाइनर्स की प्रदर्शनी के साथ एनआईएफ ग्लोबल के छात्रों ने अपनी अकादमिक शिक्षा को जीवंत किया। प्रोजेक्ट्स और शीटवर्क का प्रदर्शन करते हुए उत्साह से इसमें शामिल हुए। प्रदर्शनी का उद्घाटन उद्योग के विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ। आर्किटेक्ट रिधुल शर्मा, इंटीरियर डिजाइनर नीलम वर्मा और आर्किटेक्ट अतुल देशपांडे इसमें शामिल हुए। सुगंधा केडिया की मौजूदगी में सोमवार को भी प्रदर्शन किया जाएगा। फैशन डिजाइन प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपने प्रिंट डिजाइन और किड्स वियर के अकादमिक प्रोजेक्ट्स पेश किए। द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रेट-ए-लाइन, मॅस वियर व स्पोर्ट्स वियर पर प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया।



### विद्यार्थियों ने परिधानों को किया प्रदर्शित

इसी तरह से तृतीय वर्ष के छात्रों ने अपने ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट्स व ब्राइडल वियर पेश किए। पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम के छात्रों ने सस्टेनेबल डिजाइन, ब्राइडल वियर, मॅस वियर, स्पोर्ट्स वियर और ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट्स पर आधारित अपने प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। छात्रों की डिजाइन कौशल और रचनात्मकता ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैसे लक्मे फैशन वीक, न्यूयॉर्क फैशन वीक, नंदन फैशन वीक, दुबई फैशन वीक पर डिजाइनर, इम्प्लीमेंटेशन और बैंक स्टेज टीम और विटनेस टीम के रूप में स्थान दिलाया। इन फैशन वीक में प्रस्तुत किए गए परिधानों को भी इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है।

# मैक सॉलिटेयर में प्रतिभाओं को मिली पहचान, नृत्य प्रस्तुति ने जीता दिल



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में सॉलिटेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह का आरंभ सरस्वती पूजन से किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाएं पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने द्वारा अर्जित ज्ञान और कौशल को मंच में सभी के साथ साझा किया। यह प्रस्तुति उनके सशक्तिकरण की यात्रा को दर्शाया और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया। इस अवसर पर ट्रेनर्स को सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए और 'बेस्ट इन सॉलिटेयर' सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जो इस आयोजन को और भी मनमोहक बनाए रखा। इस दौरान पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सॉलिटेयर एक ऐसा मंच रहा है, जहां महिलाओं ने डिजिटल साक्षरता, उद्यमिता, आत्मरक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त किया और आत्मनिर्भरता की भावना जागृत कर पाईं। मैक सॉलिटेयर के भव्य समापन समारोह का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा एवं एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रिक स्कूटी
KOMAKI ELECTRIC VEHICLE DIVISION
अधिकृत विक्रेता
मेसर्स यज्ञ आटो कॉम्पोनेंट
8 रु. में 80 कि.मी.
प्रो. रंजन कुमार, मो. 8839612900
Ganpati Vihar, Near Car Wash, Kushalpur Chowk, Ring Road No. 1. Raipur (C.G.)

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक
कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़
सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर
सोफा कव्हर | रूई गद्दा
टावेल | तकिया
रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

सिटी स्पोर्ट्स

# वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में टिकेश्वरी को मिला लेवल-1 अंतर्राष्ट्रीय कोच का दर्जा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की कोच टिकेश्वरी साहू को आईएफएमए ओएसएम लेवल–1 का आईएफएमए कोच का दर्जा हासिल हुआ है। आईएफएमए वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप 23 मई से 01 जून तक अंटालिया (टर्की) में जारी है। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा की कोच टिकेश्वरी साहू 13 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल के अन्य सदस्यों के साथ इस्ताम्बुल होते हुए अंटालिया (टर्की) में भाग ले रही है।

राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि टिकेश्वरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कांस्य पदक जीतने और वाए क्रू इवेन्ट में विश्व मे 9वीं रैंकिंग की उपलब्धियों को हासिल करने के बाद आईएफएमए द्वारा आयोजित वन स्टैंडर्ड म्यू थाई (ओएसएम) कोर्स पूर्ण किया। इस दरम्यान 29 मई को एलीट क्लास के मिक्स्ड वाए क्रू इवेन्ट में टिकेश्वरी साहू ने 70 देशों के खिलाड़ियों के मध्य गौरवशाली 8वीं रैंकिंग की उपलब्धि प्राप्त की। टिकेश्वरी ने ओएसएम का कोर्स पूर्ण करने के उपराँत आयोजित समारोह में आज आईएफएमए महासचिव स्टीफन फॉक्स से आईएफएमए ओएसएम का लेवल–1 का आईएफएमए कोच का प्रमाणपत्र और यूनिफॉर्म प्राप्त कर भारत और छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में गौरवान्वित किया है। इस तरह छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू ने एलिट वर्ग (सीनियर – 23 वर्ष से ऊपर) में वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप अंटालिया (टर्की) में चार उपलब्धियां हासिल की। इनमें पहली आईएफएमए लेवल– 1 अंतरराष्ट्रीय कोच का दर्जा, दूसरा म्यू इवेन्ट में कांस्य पदक, तीसरा वाए क्रू फीमेल इवेन्ट में विश्व मे 9वीं रैंकिंग और चौथी वाए क्रू मिक्स इवेन्ट में विश्व मे 8वीं रैंकिंग शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य म्यूथाई संघ के पदाधिकारियों ने टिकेश्वरी और भारतीय म्यूथाई दल के अन्य खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दिए है। यह उल्लेखनीय है कि उक्त अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतू टिकेश्वरी साहू छत्तीसगढ़ की एकमात्र चयनित खिलाड़ी है।

# शतरंज तिहार में 155 खिलाड़ी ले रहे है भाग



**रायपुर।** आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े इनामी राशि वाले स्विस लीग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे विप्र कालेज में शुरू हुआ। तीन चक्र की समाप्ति पर क्षितिज शर्मा रजनीकांत बक्शी यशस्व अनिल कनहोल्कर आलोक कन्नौजे प्रणव अग्रवाल रोहित साहू,सालिक नवाज,इशिका मदके, संजय भारद्वाज सनत कुर्रे समेत लगभग 12 खिलाड़ी पूरे 3 अंको के साथ प्रथम स्थान पर चल रहे है। सबसे रोमांचक मुकाबले में टॉप टेबल पर खेलते हुए दुर्ग की हिमानी देवांगन ने उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त पिछले वर्ष के चैंपियन यशद बाम्बेश्वर को रोमांचक मुकाबले में ड्रॉ पर रोक दिया. चौथे बोर्ड पर रायपुर के उत्कर्ष ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अक्षत महोबिया को हराया। शतरंज के त्यौहार के रूप में होने वाले इस स्पर्धा का उद्घाटन योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य, राजिम फिंगेश्वर के जनपद सदस्य आशीष पांडे की अध्यक्षता एवं प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

द्वितीय चक्र का उद्घाटन विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य मेघेश तिवारी एवं दुर्ग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया। मितान एवं ग्रीन आर्मी द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में कुल 70300/- कैश प्राइज तथा 8 मोमेंटो एवं 75 ट्रॉफी तथा 150 मेडल को मिलाकर लगभग दो लाख रुपये इनाम के रूप में दिए जाएंगे। इस स्पर्धा में कुल 155 प्रतिभागी भाग ले रहे है। जिसमे रायपुर के अलावा बस्तर, कवर्धा, कबीरधाम, महासमुंद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, सक्ती, रायगढ़, बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के सुदूर हिस्सो से खिलाड़ी शामिल है। प्रतियोगिता निर्देशक जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आनंद अवधिया है। मुख्य निर्णायक फिडे ऑर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव , डिप्युटी चीफ ऑर्बिटर फिडे ऑर्बिटर रॉकी देवांगन तथा सहायक निर्णायक के रूप में सीनियर नेशनल ऑर्बिटर ओमप्रकाश वन्दे, चंदन साहू, श्रीमती हेमा नागेश्वर तथा अनूप झा है। आयोजन समिति में मेघेश तिवारी (प्राचार्य विप्र महाविद्यालय), आशुतोष शर्मा (अध्यक्ष मितान) और अमिताभ दुबे (संस्थापक ग्रीन आर्मी) शामिल हैं।

● सिर्फ तनाव से निपटने के लिए ही नहीं और भी कई जरूरी काम करता है कोर्टिसोल

# कोर्टिसोल हार्मोन का शरीर में संतुलन जरूरी, इसके बढ़ने-घटने का सीधा असर होता है आपकी उम्र पर

कोर्टिसोल एक जरूरी हार्मोन है, जो एड्रिनल ग्रंथियों द्वारा निर्मित होता है। इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहा जाता है क्योंकि तनाव के समय इसका स्राव तेजी से बढ़ जाता है। हालांकि कोर्टिसोल सिर्फ तनाव से निपटने के लिए ही नहीं शरीर में और भी कई जरूरी काम करता है। जब शरीर में इसका असंतुलन होने लगता है तो इससे कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।

हमारे शरीर में निरंतर कुछ न कुछ गतिविधि होती रहती है। शरीर के सभी कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए बाकायदा एक सिस्टम काम करता है, इसमें हार्मोन्स का विशेष भूमिका होती है।

हार्मोन, हमारे शरीर में विभिन्न प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने वाले रासायनिक संदेशवाहक होते है जैसे कि शरीर की वृद्धि-विकास, मेटाबॉलिज्म, मनोदशा और अन्य कार्य। कोर्टिसोल भी ऐसा ही एक अति महत्वपूर्ण हार्मोन है जो शरीर के लिए कई प्रकार से बहुत जरूरी है।


कल्पना कीजिए कि आपका शरीर एक बड़ी कंपनी है, जहां हर हार्मोन एक किसी विभाग प्रमुख की भूमिका निभाते हैं। इस कंपनी में कोर्टिसोल नामक हार्मोन संकट



प्रबंधन का कार्य करता है। जैसे ही शरीर को कोई समस्या महसूस होती है (तनाव, चोट या बीमारी) उसी समय कोर्टिसोल तुरंत सक्रिय हो जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोर्टिसोल जीवनरक्षक हार्मोन है जो हमें कई प्रकार की समस्याओं से लड़ने की ताकत देता है। लेकिन जब शरीर में इसका असंतुलन होने लगता है तो इससे कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।

## पहले इस हार्मोन के बारे में जान लीजिए



कोर्टिसोल एक जरूरी हार्मोन है, जो एड्रिनल ग्रंथियों द्वारा निर्मित होता है। इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहा जाता है क्योंकि तनाव के समय इसका स्राव तेजी से बढ़ जाता है। हालांकि कोर्टिसोल सिर्फ तनाव से निपटने में ही नहीं बल्कि शरीर में और भी कई जरूरी काम करता है। ब्लड शुगर-ब्लड प्रेशर, मेटाबोलिज्म और सोने-जागने के चक्र को मैनेज करने में भी इसकी भूमिका होती है। अगर कोर्टिसोल का स्तर लंबे समय तक अधिक या कम बना रहे, तो यह शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। आइए जानते हैं कैसे?

## हाई कोर्टिसोल की समस्या

हाई कोर्टिसोल कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जिनमें सबसे प्रमुख कुशिंग सिंड्रोम है। इसी समस्या से जानिए अनंत अंबानी जूझ रहे हैं, पूरी जानकारी यहां से प्राप्त कर सकते हैं।

एक अध्ययन में पाया गया कि लंबे समय तक हाई कोर्टिसोल का स्तर मस्तिष्क के हिस्से हिप्पोकैम्पस (याददाश्त और लर्निंग से जुड़ा हिस्सा) को नुकसान पहुंचा सकता है। जिसके कारण आपको मानसिक दिक्कतें होने लगती हैं। इसी तरह कोर्टिसोल हाई रहने से हृदय रोगों का खतरा भी अधिक हो जाता है क्योंकि यह सूजन और रक्तचाप दोनों को




बढ़ाता है। कोर्टिसोल बढ़ने की स्थिति वजन बढ़ने, कंधे की हड्डियों के बीच वसा का जमाव, उच्च रक्तचाप, हाई शुगर और मांसपेशियों में कमजोरी का कारण बन सकती है। कोर्टिसोल इंसुलिन के प्रभाव को कम करता है जिससे टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। इसी तरह रक्त वाहिकाओं पर कोर्टिसोल का प्रभाव आपके ब्लड प्रेशर को अनियंत्रित कर सकता है।

# नेगेटिव एनर्जी को घर से दूर रखने मुख्य द्वार पर करें कुछ जरूरी उपाय



वास्तु शास्त्र और ज्योतिष के अनुसार, किसी भी घर का मुख्य द्वार सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश का मुख्य स्रोत माना जाता है। यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है, तो यह पारिवारिक शांति, आर्थिक स्थिति और सुख-समृद्धि पर बुरा असर डाल सकता है। कई बार लोग अनजाने में ऐसी ऊर्जा को आमंत्रित कर लेते हैं, जिससे घर में कलह, मानसिक अशांति और आर्थिक समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इसे रोकने के लिए प्राचीन ग्रंथों में नमक के उपाय को अत्यधिक प्रभावशाली माना गया है। नमक न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोगी होता है, बल्कि यह एक शक्तिशाली ऊर्जा शुद्धिकरण तत्व भी होता है। इसे घर के मुख्य द्वार पर सही तरीके से रखने से नकारात्मक शक्तियां घर के भीतर प्रवेश नहीं कर पाती हैं और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

यदि आपके घर में बिना कारण तनाव, झगड़े, मानसिक तनाव या धन हानि जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो यह छोटा सा नमक उपाय आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मुख्य द्वार पर नमक का प्रयोग किस तरह करें ताकि घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। आइए सेलेब्रिटी



एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें नमक के एक आसान उपाय के बारे में जिससे आपके घर के भीतर आने वाली नेगेटिव एनर्जी को रोक सकते हैं।

## ऊर्जा के प्रवाह से आपके जीवन में क्या असर हो सकता है

वास्तु शास्त्र के अनुसार, किसी भी घर में प्रवेश करने वाली ऊर्जा उसके निवासियों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। मुख्य द्वार घर का ऐसा स्थान होता है, जहां से न केवल लोग, बल्कि ऊर्जा भी भीतर प्रवेश करती है। यदि यह ऊर्जा सकारात्मक होती है, तो घर में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति बनी रहती है। घर के सदस्यों के बीच मधुर संबंध होते हैं, मानसिक तनाव कम होता है, और आर्थिक रूप से भी तरक्की के योग बनते हैं।

इसके विपरीत, यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश अधिक हो, तो यह कई प्रकार की समस्याओं को जन्म दे सकता है। परिवार के सदस्यों में अक्सर विवाद होने लगते हैं, मानसिक अशांति बढ़ जाती है और आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। कई बार व्यक्ति कड़ी मेहनत करने के बावजूद धन संचित नहीं कर पाता या अनावश्यक खर्चों में फंस जाता है। इसके अलावा, नकारात्मक ऊर्जा स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को भी जन्म दे सकती है।

## मुख्य द्वार पर करें नमक का एक आसान उपाय

वास्तु शास्त्र में नमक को एक शक्तिशाली शुद्धिकरण तत्व माना गया है, जो न केवल नकारात्मक ऊर्जा को सोखने में सक्षम होता है, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को भी बढ़ाता है। इसी कारण प्राचीन काल से ही घर की सफाई में नमक के पानी का उपयोग किया जाता रहा है। अगर आपके घर में बार-बार कलह, आर्थिक तंगी या मानसिक तनाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, तो हो सकता है कि वहां नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव हो। इस स्थिति से बचने के लिए मुख्य द्वार पर एक सरल और प्रभावी उपाय किया जा सकता है। नमक, विशेष रूप से सेंधा नमक, घर की ऊर्जा को संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# शमी का पौधा घर के किस हिस्से में रखना चाहिए, जानें वास्तु के नियम



घर में सही दिशा में लगा हुआ शमी का पौधा आपके घर की उन्नति के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। अगर आप इसे सही दिशा में लगाते हैं तो इसके कई गुना लाभ मिल सकते हैं।

ईशान कोण जिसे उत्तर-पूर्व दिशा भी कहा जाता है, यह सकारात्मक ऊर्जा और देवताओं का स्थान माना जाता है, जबकि शमी का पौधा शनि ग्रह से संबंधित होता है, जिसकी ऊर्जा ईशान कोण के लिए उपयुक्त नहीं मानी जाती। इसलिए, इसे सही दिशा में लगाने से घर में शुभ फल मिलते हैं, लेकिन गलत दिशा में रखने से नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी दे जानें कि शमी का पौधा ईशान कोण में लगाने से क्या होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से, शमी का पौधा शनि दोष, साढ़ेसाती और राहु-केतु के अशुभ प्रभाव को कम करने में सहायक होता है। यदि कुंडली में शनि की दशा प्रतिकूल हो, तो प्रत्येक शनिवार शमी के पेड़ पर जल चढ़ाने और इसकी पूजा करने से शनि देव की कृपा प्राप्त होती है। इसे घर में लगाने से वास्तु दोष समाप्त हो सकता है और आर्थिक समृद्धि बढ़ती है। कई लोग शमी की टहनी को शुभ मानकर इसे घर के प्रवेश द्वार पर भी लगाते हैं। शमी का पौधा न केवल धार्मिक बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी लाभकारी माना जाता है।

## शमी का पौधा ईशान कोण में क्यों नहीं लगाना चाहिए

शमी का पौधा हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में शुभ माना जाता है, लेकिन इसे लगाने की दिशा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, शमी के पौधे को ईशान कोण में लगाने से नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकते हैं, जो घर के सुख-समृद्धि और शांति को प्रभावित कर सकते हैं। ईशान कोण देवताओं और जल तत्व से जुड़ा होता है। यह स्थान घर में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। शमी का पौधा शनि ग्रह से संबंधित होता है, जो गंभीरता और कठोरता का प्रतीक है। इसे ईशान कोण में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा बाधित हो सकती है। शमी का पौधा नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों को दूर करता है, लेकिन इसे सही दिशा में न लगाने पर यह घर में अशांति और बाधाओं को बढ़ा सकता है। ईशान कोण में इसे लगाने से परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## महाभारत में अर्जुन ने शमी वृक्ष की पूजा करके विजय प्राप्त की

महाभारत के युद्ध में अर्जुन की विजय के पीछे शमी वृक्ष का विशेष महत्व रहा है। जब पांडवों को अपने अज्ञातवास का अंतिम वर्ष बिताना था, तब उन्होंने अपने दिव्य अस्त्र-शस्त्र शमी वृक्ष में छिपा दिए थे। युद्ध के समय, अर्जुन ने सबसे पहले शमी वृक्ष की पूजा की और फिर अपने शस्त्र उठाकर युद्ध भूमि में उतरे। ऐसा माना जाता है कि शमी वृक्ष शक्ति, विजय और नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा प्रदान करता है।

# साउथ इंडियन स्टाइल में बनाना है लेमन राइस, तो ना करें ये गलतियां

अक्सर यह देखने में आता है कि लोग लेमन राइस बनाते समय अनजाने में कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिसकी वजह से इस डिश का टेस्ट ज़्यादा खट्टा या फिर एकदम बेस्वाद हो सकता है।

## गरम चावल का इस्तेमाल करना

कई बार यह देखने में आता है कि लोग चावलों को पकाने के तुरंत बाद गरम-गरम चावल में ही नींबू और तड़का डाल देते हैं। जबकि आपको यह गलती करने से बचना चाहिए। इससे ना केवल चावल चिपचिपे हो जाते हैं, बल्कि नींबू का स्वाद भी उड़ जाता है। कोशिश करें कि आप लेमन राइस बनाने के लिए बचे हुए ठंडे चावल का इस्तेमाल करें। अगर वे फ्रिज वाले हों तो और भी बढ़िया। इससे चावल अलग-अलग रहते हैं और मसाले अच्छे से घुल जाते हैं।



## गरम पैन में नींबू का रस डालना

कभी भी तड़के या गरम चावल में सीधा नींबू रस डालने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे नींबू की वह फ्रेशनेस वाला टेस्ट उड़ जाता है और हल्का कड़वापन आ जाता है। इसलिए ध्यान दें कि जब चावल थोड़ा ठंडा हो जाए, तभी आप उसमें नींबू रस डालें। इससे आपको लेमन राइस का वह असली खट्टेपन का टेस्ट आएगा।

## तड़के में गड़बड़ी करना

लेमन राइस बनाते समय बहुत अधिक सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। ऐसे में अगर आप सही तरह से तड़का नहीं लगाते हैं तो इससे चावलों का स्वाद बिल्कुल भी अच्छा नहीं आता है। अगर आप सिर्फ राई डालकर तड़का लगाती हैं, तो इससे चावल बेस्वाद और बेजान लगते हैं। हमेशा ध्यान रखें कि आप तड़का लगाते समय राई के अलावा उड़द दाल, चना दाल, हरी मिर्च, सूखी लाल मिर्च, करी पत्ता और मूंगफली आदि का इस्तेमाल करें। इससे आपको वह परफेक्ट साउथ इंडियन क्रंच और टेस्ट मिलता है।

## प्याज या लहसुन डालना

अगर आप लेमन राइस का वह ऑथेंटिक टेस्ट चाहते हैं तो ऐसे में प्याज या लहसुन का इस्तेमाल करना आपकी एक बड़ी भूल हो सकती है। कई बार लोग यह सोचकर प्याज-लहसुन का इस्तेमाल करते हैं कि इससे स्वाद और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। लेकिन ऐसा करने से लेमन राइस की वह सादगी व टेस्ट खत्म हो जाता है ।

कार्नर न्यूज

अपने लिविंग रूम को दें मौजूदा वक्त के हिसाब से नया लुक

# लिविंग रूम होता है आपके दिल के करीब, इसे परफेक्ट लुक देने इन टिप्स से करें मेकओवर

घर का सबसे खास हिस्सा लिविंग रूम होता है, जहां परिवार एक साथ बैठकर वक्त बिताता है। इतना ही नहीं बल्कि मेहमानों के आने पर उनका आव-भगत भी किया जाता है। अब ऐसे में इस रूम का आरामदायक होना बहुत जरूरी होता है। अगर आप भी अपने लिविंग रूम को 2025 के नए ट्रेंड के हिसाब से थोड़ा बदलना चाहते हैं, तो यहां आज हम आपको 7 आसान और काम आने वाले प्रो टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

घर का सबसे जरूरी हिस्सा लिविंग रूम होता है। यही वो जगह है जहा पूरा परिवार एक साथ बैठता है, बातें करता है, टीवी देखता है। इसलिए ये जगह जितनी आरामदायक होनी चाहिए, उतनी ही सुंदर भी दिखनी चाहिए।अगर आप चाहती हैं कि आपका लिविंग रूम 2025 के नए ट्रेंड्स के साथ चले, तो उसके लिए बड़े बदलाव करने की जरूरत नहीं है। बस आप कुछ छोटे-छोटे लेकिन समझदारी से किए गए चेंजेस से अपने कमरे को नया और ट्रेंडी लुक दे सकती हैं। इस लेख में आज हम आपको इंटीरियर डिज़ाइन की जानी-मानी एक्सपर्ट सोनाली अशर द्वारा सुझाव गए ऐसे 7 आसान और असरदार टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके लिविंग एरिया को और भी खूबसूरत बना सकते हैं।



ये टिप्स न सिर्फ स्टाइल के हिसाब से काम आएंगे, बल्कि आपके कमरे को और ज्यादा आरामदायक भी बनाएंगे।

## गर्म रंगों का इस्तेमाल करें

पहले जहां लोग सफेद रंग का इस्तेमाल करते हैं। अब इस रंग को करने से ऐसा लगता मानो नए ट्रेंड के साथ हम खुद को फिट नहीं कर पा रहे हैं। अब ऐसे में आप व्हाइट कलर की जगह ऑलिव ग्रीन, डार्क ब्राउन, नेवी ब्लू और मेरून कलर ट्राई कर सकती हैं। ये कलर्स न केवल रूम को स्टाइलिश बनाते हैं बल्कि उसमें गहराई और उत्साह का जुड़ाव होता है।

## फर्नीचर और दीवारों में अलग-अलग बनावट लाएं

चमकदार लकड़ी, मखमल के सोफे या हाथ से बने गलीचे का इस्तेमाल करके लिविंग एरिया को खूबसूरत बना सकती हैं। बता दें कि ये सभी चीजें आपके कमरे में खूबसूरती और लग्जरी फील जोड़ते हैं। साथ ही चीजें ऐसी चुनें जो देखने और छूने में भी खास लगें।

## लाइटिंग को स्टाइल का हिस्सा बनाएं



पहले लोग लाइट का इस्तेमाल केवल रोशनी के लिए करते थे। लेकिन बदलते समय के साथ लाइट्स कमरे को स्टाइलिश बनाने में अहम रोल निभा रहा है। डेकोरेटिव लाइट्स रुम को एथेंटिक बनाने के साथ ही पूरे कमरे का मूड तय करती है। डेकोरेटिव लैंप, दीवार पर स्टाइलिश लाइट या हैंगिंग लाइट लगाकर अपने लिविंग रूम को खास बनाएं।

## फर्नीचर का सही करें चुनाव

चौकोर डिजाइन वाले फर्नीचर के बजाय घुमावदार किनारों वाले या अलग डिजाइन वाले सोफे और कुर्सियां खरीदें। साथ ही, ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें जो जगह भी बनाए और दिखने में भी अच्छा हो।

## खबर संक्षेप



### 5 स्थानों पर राहत देने शीतल जल सेवा केंद्र

**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा शहर के 5 अलग-अलग स्थानों पर लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने शीतल जल सेवा केंद्र खोले गये हैं। जिसमें विधानसभा जीरो पाइंट ओवर ब्रिज के पास, भाठागांव अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के समीप यात्रियों और आम जनता को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह अमलेश्वर थाना के सामने, तेलीबांधा क्षेत्र के मरीन ड्राइव और वीआईपी रोड में यह सेवा संचालित है। शोभराज मल ने बताया कि 11 मार्च से रेल्वे स्टेशन क़े प्लेट फार्म नंबर 1,2 व 5 में तथा सर्व धर्म मंदिर क़े सामने शीतल जल सेवा केंद्र मे आम जनताक़ो मटके का ठंडा पानी निशुल्क वितरण किया जा रहा है।

### मुख्य मार्ग से हटाये अवैध ठेला-गुमटी

**रायपुर।** टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत शनिवार को जोन 9 के नगर निवेश विभाग मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम ने शंकर नगर टर्निंग पाइंट से जीरो पॉइंट विधानसभा मुख्य मार्ग तक अवैध गुमटियों को हटाने कार्यवाही की। वहीं आमापारा चौक में सड़क मार्ग से अवैध ठेलों और गुमटियों को हटाने की कार्यवाही की गयी। सड्डू और मोवा मुख्य मार्ग में मार्ग विभाजकों के मध्य चौक - चौराहों में, विद्युत पोलों में लगाए गये अवैध बैनरों और पोस्टरों को हटाया गया।

### शिवाजी उद्यान में पौधारोपण

**रायपुर।** निगम जोन 1 अमले ने वीर शिवाजी उद्यान परिसर खमतराई में पौधा रोपण किया। पौधों की सुरक्षा, खाद, पानी की व्यवस्था के साथ इसके देखभाल की जिम्मेदारी जन सहभागिता से करने नागरिकों से अपील की गयी। इस मौके पर जोन कमिश्नर डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार में 500 आवेदन, जल आवर्धन में भ्रष्टाचार की शिकायत

## बिरगांव निगम ने तीसरे चरण में लिया आवेदन, पुराने प्रकरण का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम के वार्ड 21 से 40 में रहने वालों के लिए समाधान शिविर आडवानी ऑर्लिकॉन स्कूल में लगाया गया। इससे पहले प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल के बीच 4500 आवेदन मिलने पर ऑनलाइन एंट्री की गई। निराकरण के लिए विभागों को ऑनलाइन और पत्र के माध्यम से भेजा गया। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों को विभागवार छंटनी करके भेजा गया। अब तीसरे चरण में समाधान शिविर के बीच 500 नए आवेदन लोगों ने दिए हैं। इनमें 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत भी शामिल है। निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा ने 22 मई को वार्ड 14 के रामायण मेला मैदान रावांभाठा में शिविर आयोजित किया। इसमें वार्ड 01 से 20 की जनता से मिले आवेदनों के समाधान की जानकारी भी दी गई। तीसरे चरण में वार्ड 21 से 40 के लोगों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए आडवानी स्कूल में समाधान शिविर हुआ। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

इस समाधान शिविर में निगम द्वारा 40 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 21 आयुष्मान कार्ड,06 ड्राइविंग लाइसेंस, 06 आय एवं मूल निवास प्रमाण पत्र, पीएम आवास योजना के 07 हितग्राहियों को चेक दिया गया। 10 हितग्राहियों को मजदूर कार्ड, 02 श्रवण यंत्र, 05 महिलाओं की गोद भराई, 05 बच्चों का अन्नप्राशन, 03 किशोरी का सम्मान एवं 02 स्वस्थ बच्चों को सुपोषण किट विधायक मोतीलाल साहू ने दिया। इस दौरान महापौर नंदलाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, एमआईसी मेंबर इकराम अहमद मौजूद थे।

### जल आवर्धन की जांच के लिए आवेदन

बिरगांव में 104 करोड़ के खारुन से जल आवर्धन योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी शिकायत पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम देवांगन ने किया है। सुशासन शिविर में बताया कि निगम में 104 करोड़ के जल आवर्धन योजना को स्वीकृति मिली। उसमें मानक के अनुरूप पानी टंकी का निर्माण नहीं हुआ। जो छड़ पानी टंकी बनाने के लिए यूज किया जाना चाहिए, उससे कम एमएम का लगाया। वार्डों में भी पाइपलाइन डालने में भ्रष्टाचार व मनमानी अधिकारियों और महापौर द्वारा की गई। इसकी जांच के बाद दोषियों पर भी कार्रवाई करें।

सुशासन तिहार 2025

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- 'विकसित छत्तीसगढ़' के रोडमैप पर रखें फोकस

**खरीफ फसल की तैयारी और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी में आयोजित समीक्षा बैठक में 'विकसित छत्तीसगढ़' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा, 'विकसित छत्तीसगढ़' के लिए तैयार किया गया विजन डाक्यूमेंट एक रोडमैप की तरह है, जिसमें लक्ष्य और दिशा-निर्देश स्पष्ट हैं। अधिकारी विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ इसे परिणाम तक ले जाएं। मुख्यमंत्री रायपुर और धमतरी जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के समापन पर कहा, लोगों की समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला थमना नहीं चाहिए।

जन-जन से संवाद और उनकी समस्याओं का समाधान निरंतर जारी रहना चाहिए। अधिकारी कड़ी मेहनत और नवाचारी तरीकों से लोगों की समस्याओं का समाधान करें। आम जनता को देर से न्याय मिलना, न्याय नहीं मिलने के बराबर है। उन्होंने कहा, राजस्व त्रुटि सुधार जैसे कामों में अधिकारियों-कर्मचारियों से ही गलती होती है, लेकिन इसका नुकसान आम लोगों को होता है और उन्हें ही परेशान होना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने और समय प्रबंधन पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा, सक्रिय तहसीलदारों वाले क्षेत्रों में राजस्व प्रकरण कम लंबित रहते हैं। साथ ही, अधिकारियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने और उनके कार्यों को न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर जोर

मुख्यमंत्री ने जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने दंतेवाड़ा का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां डीईओ के बेहतर प्रदर्शन के कारण दसवीं और बारहवीं के परिणाम शानदार रहे, जिसकी प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में प्रशंसा की। स्वास्थ्य विभाग में सतत मॉनिटरिंग और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, साथ ही कृषि प्रधान धमतरी और रायपुर जिले में खरीफ फसल की तैयारी और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने पर बल दिया।

### फ्लैगशिप योजनाओं पर दें ध्यान

मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम आवास, और जल जीवन मिशन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा सर्वश्रेष्ठ राज्य चुना गया है। साथ ही, नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार धमतरी और रायपुर में पर्यटन स्थल विकसित करने की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को साझा करने को कहा, ताकि राज्य स्तर पर सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारियों के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रत्येक जिले का रिपोर्ट कार्ड उनके पास है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों ने बड़ी संख्या में आए आवेदनों का समयबद्ध समाधान किया, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को अच्छा काम करने पर पुरस्कार और काम नहीं करेंगे तो उनकी खैर नहीं होगी।

# महिला का हत्यारा निकला प्रेमी

## शराब-फिनाइल पिलाने के बाद गला दबाया, गिरफ्तार



बीएसयूपी कालोनी भाठागांव के एक फ्लैट में मिली थी महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बीएसयूपी कालोनी भाठागांव स्थित एक फ्लैट में करीब तीन दिन पुरानी महिला की लाश मिलने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। मृतका का हत्यारा उसका प्रेमी निकला, जिसने पहले उसे शराब के साथ फिनाइल मिलाकर पिला दी। इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या का कारण चरित्र शंका बना। इसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। पुरानी बस्ती पुलिस को 13 फरवरी को भाठागांव स्थित बीएसयूपी कालोनी के ब्लॉक नंबर 12 के मकान नंबर 32 से करीब तीन दिन पुरानी एक महिला की लाश मिली थी, जिसकी पहचान गीता यादव पति स्वर्गीय संजय 40 के रूप में की गई थी। इस मकान में महिला अकेली रहती थी। मृतका के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसकी मौत शराब और फिनाइल का सेवन करने से हुई है। पुलिस भी प्रारंभिक जांच में इसे हत्या की आशंका जताई थी। पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच की, तो आशंका सही साबित हुई। मृतका के परिचितों से पूछताछ पर पता चला कि उसका आरोपी रमेश गुप्ता उर्फ राजू 59 वर्ष निवासी तेलीबांधा के साथ प्रेम प्रसंग था और अक्सर रमेश उसके घर आना-जाना करता था। पिछले कई दिनों से उसके साथ भी रहने लगा था। पुलिस ने इसके बाद जब रमेश को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

### चरित्र संदेह बना हत्या का कारण

पुलिस को दिए बयान में आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने पहले शराब और फिनाइल मृतका को पिलाई और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या की वजह मृतका के चरित्र पर आरोपी को संदेह था। इसी बात को लेकर घटना के दिन दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने घटना को अंजाम दिया।


## बिजनेस साइट

# भैंसथान मैदान में लगा फन फेयर मेला बना आकर्षण का केंद्र

## एरोप्लेन और डबल डिस्क फ्रीजबी राइड बन रही लोगों की पहली पसंद



**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियों को खास और यादगार बनाने के लिए रायपुर शहर के भैंसथान मैदान में एक बार फिर से फन फेयर मेले का आयोजन किया गया है। जून माहभर चलने वाले इस मेले में मनोरंजन, स्वाद और खरीदारी का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। मेले के आयोजक शोएब के अनुसार, इस बार मेले का सबसे बड़ा आकर्षण बना है 'फन फेयर एयरलाइंस' नाम से प्रस्तुत किया गया एरोप्लेन राइड। बच्चों से लेकर युवा तक इस रोमांचक झूले के दीवाने हो गए हैं। वहीं डबल डिस्क फ्रीजबी राइड भी रोमांच पसंद दर्शकों की पहली पसंद बनती जा रही है, जिसकी ऊंचाई और घूमने की तीव्र गति हर उम्र के लोगों को थ्रिलिंग अनुभव दे रही है। मेले में टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, जायंट व्हील, कोलंबस, हेलीकॉप्टर, मिकी माउस और मिनी ट्रेन जैसे देसी-विदेशी झूले भी हैं।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में डीएसी एकेडमी के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में मिसाल बन गया है। प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 में डीएसी एकेडमी, गोस्वामी सर और साहू सर क्लासेस के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक सफलता हासिल कर राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। यह सफलता केवल संस्थान की मेहनत और समर्पण का परिणाम ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। लगातार नौ वर्षों से श्रेष्ठ परिणाम देने की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी डीएसी एकेडमी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कक्षा 6वीं में छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। मोक्श साहू ने पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि आदित्य चौधरी ने 5वीं और अमन झा ने 8वीं रैंक प्राप्त की। कक्षा 9वीं में कई छात्रों ने टॉप रैंक हासिल की, जिसमें अनुराग कैवर्त ने 4वीं रैंक, विष्णु बिश्नोई ने 7वीं, श्रेयांश ने 9वीं और वंशिका वर्मा ने 10वीं रैंक प्राप्त की।

# उर्मिला मेमोरियल अस्पताल ने जागरूकता कार्यक्रम के साथ विश्व तंबाकू निषेध दिवस





**रायपुर।** भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल अस्पताल ने 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा' रही, जिसका उद्देश्य समाज में तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने 'तंबाकू मुक्त जीवन' जीने की शपथ ली और अपने समुदायों में भी इस संदेश को फैलाने का संकल्प लिया। अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा, तंबाकू का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है। हमें लोगों को इससे दूर रहने और स्वस्थ विकल्प अपनाने के लिए जागरूक और प्रेरित करना होगा। हम तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखेंगे और सभी से इस मुहिम में जुड़ने की अपील करते हैं।

# बाल मधुमेह मरीजों के लिए रायपुर में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम




**रायपुर।** गुडविल हॉस्पिटल रायपुर के सेमिनार हॉल में बाल मधुमेह से पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से आए चयनित बच्चों ने सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल मधुमेह (टाइप 1 डायबिटीज) के प्रति जागरूकता फैलाना और बच्चों को इसके प्रभावी प्रबंधन के गुर सिखाना था। इस अवसर पर प्रख्यात एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. सत्यजीत साहू ने बच्चों व अभिभावकों को मधुमेह के कारण, इंसुलिन लेने की विधि, आहार प्रबंधन, सिक डे मैनेजमेंट, इन्फेक्शन कंट्रोल और सामाजिक कलंक जैसे जटिल विषयों पर सरल व प्रभावी जानकारी दी।


### महाराणा प्रताप की जयंती पर वीरता-स्वाभिमान को किया नमन



**रायपुर।** महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी वीरता और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में किया गया। बंजारी माता मंदिर बिरगांव में राहगीरों के लिए महाभंडारे का प्रसाद और ठंडे छाछ की व्यवस्था की गई, जिससे सभी को सेवा का लाभ मिला। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में सर्व समाज करणी सेना, ब्रह्मऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज से डीके शर्मा, चाय मित्रगण समिति से शेषनाथ तिवारी, भोजपुरी समाज से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह तथा बोल बम सेवा समिति से दया सिंह सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# 7 साल से कर भुगतान नहीं करने वाले दो व्यवसायी को स्टेट जीएसटी ने घेरा

## व्यवसायियों के विरुद्ध स्टेट जीएसटी की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- अंबिकापुर के दो व्यवसायी के यहां की गई कार्रवाई

मेसर्स बंसल ट्रेडिंग कार्पोरेशन, अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा जांच की कार्यवाही की गई। भारत सरकार द्वारा संचालित जीएसटी पोर्टल के अनुसार इनका रिस्क स्कोर 10 आ रहा था, जिसका आशय होता है कि फर्म कर अपवंचन में संलिप्त है। जब मौके पर जांच टीम पहुंची, तो देखा कि उनके व्यवसाय स्थल पर व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेखा पुस्तक या कोई भी सॉफ्टवेयर जैसे कि टैली का संधारण नहीं पाया गया, जिससे कर अपवंचन की संभावना और भी प्रबल हो गई। आगे जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग 158 करोड़ रुपए से अधिक है, किंतु उस पर कर का नकद भुगतान शून्य किया गया है। साथ ही साथ जब ई-वे बिल की जांच की गई, तो पता चला कि वर्ष 2023-24 में 29.50 करोड़ रुपए के माल की खरीदी की गई, किंतु माल की सप्लाई मात्र 50 लाख रुपए की ही की गई, जिससे यह पता चलता है कि माल का विक्रय आम उपभोक्ता को किया गया है, किंतु बिल को अन्य व्यवसायियों को बेचकर बोगस इनपुट टैक्स का लाभ दिया गया है, जिससे कि केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार को कर राजस्व की अत्यधिक हानि हुई है। जांच के दौरान व्यवसायी ने अपनी गलती त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से 40 लाख रुपए कर भुगतान करने की मंशा जाहिर की, किंतु जीएसटी विभाग के अधिकारियों नें व्यवसायी से लेखा पुस्तक एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग की। व्यवसायी की ओर से अभी तक कोई भी जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया है।

### ई-वे बिल में गड़बड़ी

साथ-साथ 30 एवं 31 मई को मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स, अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर स्टेट जीएसटी विभाग अंबिकापुर द्वारा जांच की कार्यवाही की गई है। जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग 96 करोड़ रुपए से अधिक है, किंतु उस पर कर का नकद भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही साथ जब ई-वे बिल की जांच की गई, तो ज्ञात हुआ कि वर्ष 2023-24 में 11 करोड़ रुपए के माल की खरीदी की गई, किंतु माल की सप्लाई मात्र 7 रुपए करोड़ की ही की गई है। जांच के दौरान व्यवसायी ने अपनी गलती त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से 17.55 लाख रुपए कर भुगतान किया।

# खुले ट्रांसफॉर्मर दे रहे गंभीर हादसों को न्योता, मासूम बच्ची बाल-बाल बची, लोगों ने किया बिजली दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा इलाके के रामनगर में एक खुले ट्रांसफॉर्मर के नीचे लटक रहे बिजली तार की चपेट आई एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची की जान बाल-बाल बच गई।

इस घटना के बाद बच्ची के परिजनों सहित अन्य लोगों ने वार्ड पार्षद ममता सोनू तिवारी के नेतृत्व में चंगोराभाठा बिजली दफ्तर का घेराव कर दिया। बताया जा रहा है कि लोग इस खुले ट्रांसफार्मर और वहां लटक रहे बिजली तार के लिए सुरक्षा घेरा बनाने की मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। बारिश का सीजन शुरू हो गया है। इसके बाद भी शहरभर में अनेकों स्थानों पर लगे बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर खुले पड़े हुए हैं। इन खुले ट्रांसफार्मर में कई जगह तार भी जमीन तक लटके हुए हैं, जो हादसों को न्योता दे रहे हैं। ऐसी ही स्थिति चंगोराभाठा के रामनगर की है। यहां चंद्राकर दुकान के सामने ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जो खुला हुआ है। इस ट्रांसफार्मर में लगे तार भी जमीन से 3 से 4 फीट उपर तक लटक रहे हैं। इस मोहल्ले में रहने वाला अजय यादव की 5 साल की बेटी हर्षिता घर के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह ट्रांसफार्मर के करीब पहुंची, तभी अचानक भूल से उसने जमीन पर झूल रहे तार को पकड़ लिया, जिससे वह करंट की चपेट में आ गई। अजय यादव ने बताया कि जिस समय उसकी बेटी को करंट लगा, उस समय एक राहगीर वहां से गुजर रहा था, जिसने बच्ची को बिजली के तार से चिपकते देख तत्काल लकड़ी से तार को मारकर उसकी जान बचा ली। इस घटना के बाद बच्ची के परिजनों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से की, जिसके बाद पार्षद के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने चंगोराभाठा बिजली दफ्तर कर घेराव कर खुले ट्रांसफार्मर में सुरक्षा घेरा बनाने तथा जमीन तक लटक रहे तारों को ऊपर करने मांग की है।

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

International Dimension in Schools 2022-25 | FIT INDIA | SCHOOL INNOVATION COUNCIL An initiative of MoE's Innovation Cell | MCB MY CLASSBOARD

## कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा 2025-26 Congratulations

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA
**Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI**



## 2. SHARDA VIDYALAYA
**Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI**



## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2
Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR. SEC. SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra
Affiliated to IKSVV, Khairagarh

- ★Singing ★Kathak
- ★Tabla ★Bharatanatyam
- ★Geetanjali ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS

TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

- ARPIT SAHU 96.6%
- SRIJAN DEWANGAN 95.2%
- ADITI MISHRA 94.4%
- ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
- PAKHI MAHESHWARI 93.2%
- VIDYA SAO 91.4%
- MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

- MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
- SHWETA SINGH 95.4%
- SABIYA PARVEEN 95%
- AMRITA SAO 94%
- AACHAL KUMARI SAO 93.8%
- RAJVEER SAO 93.4%
- TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
- ANURAG SAHU 92.6%
- SIDDHI BAGHEL 92.6%
- SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
- KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
- P POOJITA 92.2%
- ADARSH KUMAR SINGH 92%
- AYUSH NAGVANSHI 91.6%
- CHIEF HAVGE 90.8%
- PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

- YOGITA 97%
- RIYA KURREY 92.6%
- TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
- AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
- PIYUSH VERMA 89.8%
- VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
- RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

- SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
- ANKIT DEWANGAN 97.2%
- SAZINA NAWAZ 96.8%
- ASHMIKI DWIVEDI 95%
- SAMRIDHI SHARMA 94.6%
- TEJAS SAHU 93.6%
- BHAVYA DEWANGAN 93%
- SHREYA MAHAPATRA 92.8%
- ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
- SAMEER PATEL 92%
- SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
- PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
- DIVYANSH SINGH 91%
- DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

- NIDHI PATEL 92%
- GARGI CHANDRAKAR 91.6%
- NAMRATA PATEL 91.4%
- JAYA SINHA 89.6%
- KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
- SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

- YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
- HARSHITA BHASKAR 92.8%
- TANISHA NAG 92.3%
- MAHI BANJARA 91.8%
- PRIYA PAL 91.3%
- THANSING VERMA 90.6%


## SCHOOL FACILITIES

1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)
Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

**Ram Nagar Bhilai**



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
|---|---|---|---|---|---|
| 0788 4033217 | 0788 2265810 | 0788-2295357 | 0788-4033623 | 8770401823 | 8839982041 |